RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः06 , सोमवार, 16 फरवरी 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



सनातन संस्कृति प्रकृति संरक्षण का विज्ञान है : डॉ. अमित रंजन 03


गोविंदापुर बाजार स्थित खाद दुकान चोरी का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार 04

मधुर भंडारकर की द वाइव्स में महक बनेंगी मौनी रॉय, अभिनेत्री ने पूरी... 07


## पवन खेड़ा बोले-मोदी की उम्र से ज्यादा डॉलर का रेट

- **अमेरिका से डरकर ट्रेड डील की; जब राजा डरता है तो प्रजा का नुकसान होता है**

**अजमेर (एजेंसी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। पवन खेड़ा ने कहा- अमेरिका से ट्रेड डील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डरकर की, और जब राजा डरता है तो नुकसान प्रजा का होता है।



खेड़ा ने कहा- साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते थे कि डॉलर और मनमोहन सिंह की उम्र में मुकाबला चल रहा है, लेकिन आज डॉलर की कीमत मोदी की उम्र से ज्यादा हो गई है। खेड़ा रविवार को अजमेर ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में पहुंचे और जियारत की। खेड़ा ने मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। पवन खेड़ा अजमेर दरगाह पहुंचे और देश में अमन, चेन व खुशहाली के लिए दुआ मांगी। खेड़ा को दरगाह के ख़ादिम सैयद आमाद चिश्ती ने ज़ियारत कराई।

## आगरा से सामने आई शर्मसार करने वाली घटना

- **बेटों ने बीमार मां को अपनों के साथ नहीं, मुर्दों के बीच छोड़ा**

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा में जिस मां ने दोनों बेटों को अपनी आंख का तारा बनाकर पाला। उनके सुख के लिए अपनी हर खुशी को कुर्बान कर दिया। उस बुढ़ी मां को नहीं मालूम था कि बड़े होकर यह बेटे उसे



बीमार होने पर मुर्दों के बीच कब्रिस्तान में छोड़कर भाग जाएंगे। ऐसा मामला शनिवार को न्यू आगरा थाना पुलिस के सामने आया। थाना न्यू आगरा के कर्बला क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां बीमार मां को उसके बेटे कब्रिस्तान में छोड़कर भाग गए। लोगों की सूचना पर पुलिस कब्रिस्तान पहुंची। महिला ने पुलिस को बताया कि वह गुबरारी मथुरा निवासी रज्जो देवी है।

## पाकिस्तानी सोशल मीडिया स्टार को घर में घुसकर मारी गोली

**करांची (एजेंसी)।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ के घर के आसपास एक शख्स कई दिनों से संदिग्ध तरीके से घूमता दिखाई दे रहा था। उसकी हरकतों से साफ लग रहा था कि वह किसी मौके की तलाश में है, ताकि सना के घर में घुस सके। और आखिरकार, उसे मौका मिल ही गया। जैसे ही उसे अवसर मिला, वह घर के अंदर घुस गया और सीढ़ियां चढ़कर सीधे सना के कमरे तक पहुंच गया। कमरे में उसे देखकर सना घबरा गई। उन्होंने घबराहट में कहा, तुम यहां कैसे आए? माहौल को शांत करने की कोशिश में उन्होंने कहा, बैठो मैं पानी लेकर आती हूं। तुम बहुत गुस्से में हो, पहले शांत हो जाओ।

**अमेरिका की नई रक्षा रणनीति**

# चीन से सबसे ज्यादा खतरा, ताइवान पर सीधा सैन्य दखल नहीं

**यूएस/नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका ने अपनी नई राष्ट्रीय रक्षा रणनीति (एनडीएस 2026) जारी की है, जिसमें चीन को अब सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती नहीं माना गया है। यह रणनीति अमेरिकी रक्षा विभाग पैंटागन ने तैयार की है। नई नीति में ताइवान का सीधा उल्लेख नहीं किया गया है और चीन से सीधे सैन्य टकराव से बचने पर जोर दिया गया है।

रणनीति के अनुसार, अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो अमेरिकी सेना सीधे युद्ध में शामिल नहीं होगी। अमेरिका हथियार, प्रशिक्षण और रणनीतिक सहयोग दे सकता है, लेकिन सीधा सैन्य हस्तक्षेप करने का वादा नहीं करता। इससे ताइवान को लेकर अमेरिका की नीति में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।



पेंटागन ने अपनी नई नीति को 'शक्ति से रोकना, टकराव से नहीं' बताया है। यानी अमेरिका चीन को संतुलित करने की कोशिश करेगा, लेकिन सीधे संघर्ष से बचेगा। इंडो-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखना अब भी उसका लक्ष्य रहेगा।

नई रणनीति में अमेरिका ने अपनी प्राथमिकताएं साफ की हैं। सबसे पहले मातृभूमि और आसपास के इलाकों की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाएगा। दस्तावेज में चार मुख्य प्राथमिकताएं बताई गई हैं

- मातृभूमि की रक्षा
- सहयोगियों को अधिक आत्मनिर्भर बनाना
- रक्षा उद्योग को मजबूत करना
- चीन को रोकना

अमेरिका ने कुछ रणनीतिक क्षेत्रों तक सैन्य और व्यापारिक पहुंच बनाए रखने की बात भी कही है, जैसे ग्रीनलैंड। उत्तरी अमेरिका के लिए मिसाइल रक्षा प्रणाली को मजबूत करने की भी योजना है। यूरोप और एशिया के सहयोगी देशों से कहा गया है कि वे अपनी सुरक्षा और रक्षा बजट बढ़ाएं। अब अमेरिका अपने सहयोगियों पर कम और अपने हितों की रक्षा पर ज्यादा ध्यान देगा।

### ताइवान नीति में बड़ा बदलाव

ताइवान को लेकर यह रुख पहले की नीति से अलग है। 2022 में जारी रक्षा रणनीति जो जो बाइडन प्रशासन के दौरान बनी थी, उसमें ताइवान की रक्षा के लिए स्पष्ट समर्थन दिया गया था। उस समय अमेरिका ने कहा था कि वह चीन के संभावित हमले की स्थिति में ताइवान की 'असमान रक्षा' का समर्थन करेगा। उस नीति से ताइवान को यह भरोसा मिलता था कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका सीधे सैन्य समर्थन देगा। लेकिन नई रणनीति में ऐसा कोई स्पष्ट वादा नहीं है। अब अमेरिका की रणनीति यह है कि वह क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर शक्ति संतुलन बनाए रखे और चीन को हावी होने से रोके, लेकिन सीधे युद्ध में न उतरे।

# हमने सुधार को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया : पीएम मोदी

### यह बजट 'हम तैयार हैं' वाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया को दिए एक विशेष इंटरव्यू में कहा कि उनकी सरकार ने सुधार को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया है और यह सिर्फ बातों तक नहीं बल्कि काम में भी दिखा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है। उनके मुताबिक यह बजट किसी मजबूरी में लिया गया 'अब या कभी नहीं' जैसा फैसला नहीं है, बल्कि यह देश की तैयारी और आत्मविश्वास का संकेत है- यानी 'हम तैयार हैं' वाला बजट है।

### निवेश और व्यापार समझौतों पर बयान

पीएम मोदी ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता और नीति की स्पष्टता से निवेशकों का भरोसा भारत में बढ़ा है। इसी कारण भारत अब मजबूत स्थिति में व्यापार समझौते कर रहा है। उन्होंने बताया कि देश ने 38 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, सेवाओं का क्षेत्र और एमएसएमई सेक्टर ने भारत को वैश्विक व्यापार वार्ताओं में ताकत दी है।



### एमएसएमई और निर्यात पर जोर

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान बताया कि भारत के एफटीए खास तौर पर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए बनाए गए हैं ताकि टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल, हस्तशिल्प, जेम्स-ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों को ज्यादा विदेशी बाजार मिल सके।

### रक्षा क्षेत्र पर सरकार का रुख

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार देश की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने रक्षा बजट में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा जरूरतों के अनुसार रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना सरकार की जिम्मेदारी है।

### यूपीए की पूर्ववर्ती सरकार पर हमला

पीएम मोदी ने आगे कहा है कि यूपीए सरकार के दौर में आर्थिक कुप्रबंधन की वजह से भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर आत्मविश्वास के साथ बातचीत नहीं कर पाता था। उन्होंने कहा कि उस समय अक्सर बातचीत शुरू होती थी लेकिन ठोस नतीजे नहीं निकलते थे और लंबे-लंबे समझौते भी बिना खास उपलब्धि के खत्म हो जाते थे।

लोनी डंपिंग ग्राउंड विवाद

## पुलिस-किसानों के बीच लाठीचार्ज और पथराव; 60 लोग घायल

**लोनी (एजेंसी)।** हिंदू मीरपुर गांव में रविवार दोपहर डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे किसानों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। आक्रोशित किसानों ने पुलिस पर पथराव किया तो पुलिस ने लाठी भांजकर किसानों को तितर-बितर करने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ किसानों और महिलाओं के घायल होने की भी सूचना है।

रविवार को किसान डंपिंग ग्राउंड के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ किसानों की बहस शुरू हो गई। किसानों ने पुलिस पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाया और पथराव भी किया।

इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज कर किसानों को खदेड़ना शुरू कर दिया।

## भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से पराजित किया

**एजेंसी। कोलंबो**

भारत ने टी 20 विश्व कप के मैच में एक बार फिर पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी है। जहां भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से पराजित कर अपनी विजयी यात्रा को आगे बढ़ाया है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। पाकिस्तान ने टॉस जीत कर भारत को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भारत की शुरूआतअच्छी नहीं रही और पहले ओवर में ही सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बगैर खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद ईशान किशन और तिलक वर्मा ने पारी को

**▪ ईशान किशन की तूफानी पारी**




संभालते हुए तेजी से रन बनाए। जिसमें ईशान किशन की 40 गेंदों में 77 रन की आतिशी पारी रही। इस पारी में 10 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। किशन के आउट होने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी शानदार पारी खेली और 32 रन का योगदान दिया। भारत ने 20 ओवर में पाकिस्तान को 175 रन का लक्ष्य दिया। सईम अयूब ने 3 विकेट। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। हार्दिक पंडया ने पहले ओवर में ही सलामी बल्लेबाज फरहान को रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट कराकर चलता किया इसके बाद दूसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने दूसरी गेंद पर सईम को आउट किया और ओवर की अंतिम गेंद पर सलमान आगा को आउट करके पाकिस्तान को बैकफुट पर ला दिया। पाकिस्तान के खिलाड़ी टिक कर नहीं खेल पाए उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके।

## महाशिवरात्रि पर्व पर देश के शिवालयों में लगी थीं लंबी कतारें

**काशी में 10 लाख से ज्यादा तो महाकाल मंदिर में 3 लाख 30 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे**



**वाराणसी/उज्जैन/जयपुर/झारखंड (एजेंसी)।** गले में नरमुंडों की माला, सिर से निकलते आग के गोले और पूरे शरीर पर चिता की राख। यह नजारा शिव बारात में दिख रहा था। 'भूत-पिशाच' बने कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखा जा रहे थे। ऐसा ही दृश्य काशी-महाकाल में भी देखने को मिला। शिव बारात में करीब 20 हजार लोग शामिल हुए। दूल्हा बने भगवान शिव बारात लेकर निकले तो चारों तरफ हर-हर महादेव के नारे गूंज उठे। काशी, वाराणसी, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, ओडिशा, राजस्थान देश के समस्त शिवालयों और ज्योर्तिलिंगो में काफी भीड़ थी। 300 कलाकार देवी-देवता और बराती बने थे। कोई घोड़े-ऊंट पर सवार था तो कोई मदारी और भूत-पिशाच के रूप में दिखा। मां काली बनी कलाकार ने रौद्र रूप दिखाया। नागा संन्यासी चिलम फूंकते नजर आए और भालू बने कलाकार ने जमकर नृत्य किया। एक बच्चा शिव रूप में नजर आया। हाथ में त्रिशूल और गले में रुद्राक्ष की माला। शिव बारात तिलभांडेश्वर मंदिर से शुरू होकर करीब 5 किमी दूर डेवड़ियाबीर तक गई।

### अमेरिका समेत 10 देशों से श्रद्धालु पहुंचे

अमेरिका समेत 10 देशों से श्रद्धालु पहुंचे। रूस की मारियाना बोलीं, 'हम शिव को समझने आए हैं।' मंदिर परिसर में एटीएस कमांडो तैनात हैं और ड्रोन से निगरानी हो रही थी।



उधर, प्रयागराज में माघ मेले का महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान जारी था। सुबह से घाटों पर भारी भीड़ थी। अब तक 30 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया।

### महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की खासी भीड़

महाशिवरात्रि पर्व पर उज्जैन में अब तक तक 3 लाख 30 हजार श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। रविवार होने के कारण भीड़ तेजी से बढ़ रही है। होटल, लॉज और होम-स्टे पहले ही फुल हो चुके हैं। आज 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मध्य रात्रि 2:30 बजे मंदिर के पट खोले गए। प्रथम घंटाल बजाकर मंदिर में प्रवेश किया गया। मंत्रोच्चार के साथ गर्भगृह में स्थापित सभी प्रतिमाओं का पूजन कर हरिओम का जल अर्पित हुआ। कपूर आरती के बाद पंडे-पुजारियों ने जलाभिषेक किया।

## 17 को बांग्लादेश में रहमान के शपथ समारोह में पीएम मोदी नहीं जाएंगे

- **इसी दिन पीएम की फ्रांसीसी राष्ट्रपति से मुलाकात, स्पीकर ओम बिरला ढाका जा सकते हैं**

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चेयरमैन तारीक रहमान 17 फरवरी को देश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह परंपरा से अलग इस बार राष्ट्रपति भवन की जगह ढाका के नेशनल पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स के साउथ प्लाजा में होगा।



ढाका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं को इस समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा है।

बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से साझा की गई है। इससे पहले कयास लगाए जा रहे थे कि पीएम मोदी बीएनपी अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए पड़ोसी देश का दौरा कर सकते हैं। लेकिन भारत में एआई इम्पैक्ट समिट के आयोजन और कई देशों के गणमान्य अतिथियों के आगमन समेत अन्य प्रस्तावित कार्यक्रम में व्यस्तता के कारण पीएम मोदी बांग्लादेश नहीं जा सकते हैं।

# रिजिजू बोले-सदन चलाने विपक्ष के नेता का मैच्योर होना जरूरी

**सुषमा स्वराज का वीडियो शेयर किया, राहुल गांधी की स्पीच से संसद में हंगामा हुआ था**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर स्वर्गीय भाजपा नेता सुषमा स्वराज का पुराना वीडियों शेयर किया।

उन्होंने लिखा कि एक मैच्योर विपक्ष का नेता सदन को आसानी से चलाने और पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी को बेहतर बनाने में बहुत काम आता है। रिजिजू का यह बयान बजट सत्र के पहले चरण में हुए हंगामे के बाद आया। राहुल गांधी ने चीनी टैंक की लद्दाख में घुसपैठ और पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब पर बयान देने की कोशिश की थी। उन्होंने



'एपस्टीन फाइल्स' और इंडिया-यूएस ट्रेड डील जैसे मुद्दों को संसद में उठाने का प्रयास किया था, जिन्हें बीजेपी ने बेबुनियाद बताया था। इसके बाद स्पीकर ने उन्हें रोका। जिसके बाद विपक्षी सांसदों सदन में हंगामा कर दिया था और सदन की कार्यवाही को बाधित किया था।

### 9 मार्च को नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर बहस होगी

लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ विपक्ष के नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर बहस और वोटिंग 9 मार्च को होनी है। किरेन रिजिजू ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी पार्टियां सेशन के पहले अपना विरोध जारी रखती हैं, तो यह उनके लिए नुकसानदायक होगा।

### भाजपा सांसद ने राहुल की सदस्यता खत्म करने की मांग की

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 12 फरवरी को राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। उन्होंने राहुल पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया था। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की थी।

## राहुल बोले-ट्रेड डील में किसानों के साथ धोखा हो रहा

**पीएम मोदी से 5 सवाल किए; शाह बोले- राहुल झूठ फैला रहे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है। गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश की कृषि के भविष्य से जुड़ा है।



उन्होंने पीएम मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है। क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट 5 सवाल किए-

ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजी) इम्पोर्ट करने का क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय जानवरों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर अनाज (चारा) खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे डेयरी प्रोडक्ट प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?

## संक्षिप्त समाचार

### टी20 वर्ल्डकप-पटना में इंडिया की जीत के लिए पूजा, पोस्टर में खिलाड़ियों को महादेव दिखाकर आरती उतारी


**पटना**। टी-20 वर्ल्ड कप में आज भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला है। मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। पटना में टीम इंडिया की जीत की कामना को लेकर विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। कई जगहों पर हवन और आरती का आयोजन किया गया है। भारतीय खिलाड़ियों के पोस्टर लगाकर उन्हें महादेव के रूप में दर्शाया गया है और उनकी आरती उतारी गई। पूजा के दौरान क्रिकेट प्रेमियों ने भारत की जीत की कामना की। जमुई में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर टीम इंडिया को शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि, यह मैच केवल खेल नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं से जुड़ा मुकाबला है। मुझे पूरा विश्वास है




कि भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन करेगी।' खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने खास तौर पर बिहार के लाल ईशान किशन का जिक्र करते हुए गर्व से कहा, "एक बिहारी सब पर भारी।" उन्होंने कहा कि ईशान किशन ने अपने प्रदर्शन से न सिर्फ बिहार, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी की भी जमकर सराहना की। उन्होंने बताया कि वैभव से बातचीत चल रही है और जल्द ही उन्हें बिहार बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। श्रेयसी सिंह ने कहा कि, राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और बिहार के खिलाड़ियों को हर संभव मंच और सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेल को अपनाएं और अनुशासन व परिश्रम के बल पर अपने सपनों को साकार करें।'

### बिहार में 20 फरवरी तक ठंड हो सकती है खत्म, तापमान में मामूली होगा उतार-चढ़ाव

**पटना**। बिहार में बीते कुछ दिनों में तापमान में बढ़ोतरी हुई है। यही कारण है कि धीरे-धीरे ठंड का असर खत्म होने लगा है। फिलहाल सुबह और शाम हल्की ठंड महसूस हो रही है, लेकिन दिन चढ़ने के साथ मौसम गर्म हो रहा। फिलहाल राज्य के किसी भी जिले के लिए बारिश, कड़ाके की ठंड और कोहरे को लेकर कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 20 फरवरी तक बिहार में ठंड पूरी तरह से खत्म हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में करीब 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आने वाले दिनों में तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव जरूर हो सकता है, लेकिन ठंड के दोबारा बढ़ने की संभावना बेहद कम है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। किसी



बड़े मौसम बदलाव के संकेत नहीं मिल रहे हैं। हिमालय क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। हालांकि इस सिस्टम का असर बिहार के मौसम पर बहुत ज्यादा पड़ने की संभावना नहीं है। इसका मतलब है कि राज्य में मौसम सामान्य बना रह सकता है। दोबार ठंड बढ़ने की संभावना न के बराबर है। पांच दिनों तक आसमान साफ रहेगा, बादल नहीं रहेंगे। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि फरवरी के आखिरी सप्ताह तक गर्मी बढ़ेगी।

### 'शादी की है तो 100 करोड़ की डिमांड भी कम', पवन सिंह की पत्नी के सपोर्ट में आईं एक्ट्रेस अक्षरा

**पटना**। भोजपुर स्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच तलाक का केस चल रहा है। ज्योति सिंह ने कहा है कि पवन मेरे साथ नहीं रहना चाहते हैं तो मुझे 10 करोड़ रुपए मेंटेनेंस के रूप में दें। इस मामले में अब भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अक्षरा सिंह का कहना है कि कोई अगर शादी करता है तो उसको जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जो डिमांड है उसे पूरा करना चाहिए। चाहे वो रुपए को लेकर ही क्यों न हो। आपका दायित्व है 10 करोड़, 20 करोड़ या फिर 100 करोड़ भी मांगे तो देना चाहिए। अक्षरा सिंह ने ये बातें पटना एयरपोर्ट पर कहीं है। अक्षरा सिंह ने जेजेडी के चीफ और लालू यादव के बेटे तेजप्रताप को क्यूट इंसान कहा। अक्षरा सिंह ने इससे पहले भी ज्योति सिंह का सपोर्ट किया था। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान ज्योति सिंह काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ीं थी। इस दौरान अक्षरा ने कहा था कि, अच्छी बात है कि ज्योति सिंह चुनाव लड़ रही हैं। एक महिला होकर मैं बहुत ही ज्यादा अच्छा चाहती हूं। आज वो जो कुछ भी कर रही हैं अपने बलबूते कर रही हैं। कोई किसी कि जर्नी नहीं देखने गया है। कौन किस पड़ाव से गुजर रहा है और अपने जीवन में किस तरीके से जूझ रहा है। यह आप और हम तय नहीं कर सकते और ना हमें आकलन करने का हक है।

### वैशाली में नीलगाय ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 5 यात्री घायल, गर्भवती महिला भी शामिल

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर प्रखंड क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में एक नीलगाय ने सड़क पर जा रहे ई-रिक्शा (टोटो) को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार पांच यात्री घायल हो गए। यात्रियों के अनुसार, ई-रिक्शा हाजीपुर से बिदुपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक सड़क किनारे से एक नीलगाय सामने आ गई और उसने सीधे ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से पलटे हुए टोटो में फंसे सभी पांच यात्रियों को बाहर निकाला। बताया गया



कि सभी यात्री स्थानीय निवासी थे। घायलों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, इस क्षेत्र में इन दिनों नीलगायों का आतंक बढ़ गया है। ये जानवर अक्सर सड़कों पर आ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

### हाजीपुर में विदेशी शराब से भरा ट्रक जब्त, 2 गिरफ्तार औद्योगिक क्षेत्र से 800 लीटर दारू बरामद

**हाजीपुर**। वैशाली के हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक और खलासी को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की मात्रा लगभग 800 लीटर बताई जा रही है। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि औद्योगिक क्षेत्र स्थित कोलू फैक्ट्री के पास एक ट्रक में शराब लाई गई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और ट्रक को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के मऊ दरवाजा कोबरपुर घाट निवासी अशोक कुमार (पुत्र रामप्रकाश यादव) और सुखबीर कुमार (पुत्र रामनरेश) के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे हरियाणा से अंग्रेजी शराब लेकर हाजीपुर आए थे और यहां डिलीवरी देने का इंतजार कर रहे थे। औद्योगिक क्षेत्र थाना अध्यक्ष अरविंद पासवान ने इस जानकारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चालक और खलासी से पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

# महाशिवरात्रिः पटना के शिवालयों में उमड़ा सैलाब

## भगवान शिव के प्रिय नक्षत्र, दिनभर जलाभिषेक-रुद्राभिषेक





एजेंसी, पटना

आज महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों और शिवालयों को कई तरह के फूल, झंडा, पताका और आकर्षक बल्बों से सजाया गया है। मंदिर में पूरे दिन जलाभिषेक, रुद्राभिषेक हो रहा है। इसके बाद संध्या बेला में शिव श्रृंगार होगा। महाशिवरात्रि के दिन उत्तराषाढ़ा और श्रवण नक्षत्र के साथ व्यतिपात योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और जयद् योग का संयोग बन रहा है। उत्तराषाढ़ा और श्रवण दोनों ही नक्षत्र भगवान शिव के प्रिय नक्षत्र हैं।

**सहस्त्र अश्वमेघ यज्ञ का मिलेगा पुण्यः** ज्योतिषी राकेश झा ने सूर्य पुराण के हवाले से कहा कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव पृथ्वीलोक पर भ्रमण करने निकलते हैं। इसलिए इस दिन पूजा से सालभर के शिवरात्रि के समान पुण्य मिलता है। शिवरात्रि का पूजा करने से श्रद्धालुओं को एक हजार अश्वमेघ यज्ञ तथा सैकड़ों वाजपेयी यज्ञ के समान फल प्राप्त होता है।

**गौरी शंकर मंदिर में 7 बार आरती और 7 बार भोग लगेगाः** पटना के गायघाट स्थित गौरी शंकर मंदिर को भी भव्य तरीके से सजाया गया है। सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिली। मंदिर के पुजारी गौरी शंकर झा ने बताया कि आम दिनों में तीन बार भगवान की आरती होती थी, मगर आज महाशिवरात्रि के दिन सात बार आरती होगी और भगवान को सात बार भोग लगेगा। रात में बारात आएगी और सुबह 4 बजे भगवान का विवाह होगा।

**मनपसंद लड़के से शादी की मनोकामना भगवान ने पूरी की- श्रद्धालुः** बेतिया से आई भक्त नीतू कुमारी ने कहा कि शिवरात्रि की पूजा मन की शांति के लिए किया जाता है और कई लोग कहते हैं कि यह वर के लिए होता है। मैं मन की शांति के लिए आज मंदिर में पूजा करने आई हूं और मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है।

**महावीर मंदिर में होगा 60 रूद्राभिषेकः** पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में महाशिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक होगा। महावीर मंदिर में मौजूद चारों शिवलिंग पर 60 रूद्राभिषेक के लिए बुकिंग हुई है। यह रुद्राभिषेक सुबह 5 बजे से लेकर रात 10 बजे तक होगा। शिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक करने के लिए भक्तों ने पहले से ही बुकिंग की है। इसके लिए भक्तों को बाहर से कोई भी सामान लाने की जरूरत नहीं है। दूध, दही, शहद, घी, शक्कर, बेलपत्र, भांग, धतूरा, आदि सामग्री सब चीज मंदिर से ही मिलेगी। भक्तों को सुबह से लेकर देर रात तक रुद्राभिषेक ब्राह्मणों के द्वारा कराया जाएगा।

**चारों शिवलिंग पर होगा रुद्राभिषेकः** महावीर मंदिर के बुकिंग काउंटर के संचालक पंडित राम मिलन ने बताया कि मंदिर में चार शिवलिंग में रुद्राभिषेक होगा। नीचे प्राचीन शिवलिंग पर कुल 17 रुद्राभिषेक, ऊपर शीशा बंद शिवलिंग पर कुल 17 रुद्राभिषेक और बीच में हनुमानजी के बगल में स्थित शिवलिंग पर कुल 9 रुद्राभिषेक होंगे। इसके अलावा सबसे ऊपर वाले फ्लोर पर एक और नई शिवलिंग स्थापित की गयी है, जहां भी 17 रुद्राभिषेक होगा।

#### 20 स्थानों पर श्रद्धालुओं पर होगी पुष्प वर्षा

विधायक संजीव चौरसिया ने बताया कि बेली रोड, वीरचंद पटेल पथ और जेपी गंगा पथ पर बड़ी-बड़ी शिव पताकाएं लगाई गई हैं। जिन मुहल्लों से शोभायात्राएं निकलेंगी, उनका रूट चार्ट तैयार है। शोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं। 20 स्थानों पर शोभायात्राओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी और शरबत-पानी के स्टॉल लगाए जाएंगे।

#### समारोह स्थल के पास बना 60 फीट लंबा मंच

मुख्य समारोह स्थल के पास 60 फीट लंबा मंच बना है। पहले मंच पर अतिथि शिव बारात झांकियों की आरती करेंगे, दूसरे मंच पर भजन संध्या और तांडव नृत्य होगा और तीसरे मंच से गंगा आरती होगी। मुख्य मार्गों पर तोरण द्वार बनाए जाएंगे। घरों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को झंडों से पाटा गया। मुख्य समारोह स्थल, खाजपुरा शिव मंदिर परिसर को रंगीन बल्बों और झालरों से सजाया गया।

#### तांडव नृत्य, गंगा आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा

मंदिर परिसर में मुख्य समारोह होगा, जहां शोभायात्राओं के स्वागत के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या, तांडव नृत्य, गंगा आरती और महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केंद्र व राज्य सरकार के कई मंत्री, धर्माचार्य और समाज के प्रबुद्ध जन भाग लेंगे और शोभायात्राओं के अभिनंदन के साथ झांकियों की आरती उतारेंगे। मुख्य मंच पर शोभायात्रा समितियों को प्रतीक चिह्न, मेडल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

**सोमनाथ और विराट रामायण मंदिर थीम पर बनी झांकीः** इसके साथ ही महाशिवरात्रि पर खाजपुरा शिव मंदिर में भव्य आयोजन किया जाएगा। राजधानी के अलग-अलग इलाकों से 30 शोभायात्राएं और शिव-बारात झांकियां निकाली जाएंगी। इस बार 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' और 'विराट रामायण मंदिर में 33 फुट ऊंचे शिवलिंग' की थीम पर आधारित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

## सीएम हाउस के बाहर पुलिस गाड़ी से टकराया थार

एजेंसी, पटना

महाशिवरात्रि की दोपहर पटना में सचिवालय थाना अंतर्गत CM हाउस के बाहर एक थार गाड़ी ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मार दी है। आमने सामने की इस टक्कर में दोनों गाड़ियों के अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि थार गाड़ी पार्क की रेलिंग तोड़ते हुए अंदर घुस गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल, थार में सवार युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। इस हादसे में थार सवारों को ज्यादा चोट नहीं आई है। जबकी इस घटना में एक पुलिसकर्मी को हल्की चोट आई है।

**युवक हिरासत में, पूछताछ जारीः** गांधी मैदान ट्रैफिक थानेदार ब्रजेश चौहान ने बतया कि, 'बीपी मंडल गोलंबर के पास हादसा हुआ है। शक्ति सुरक्षा दल की टीम गश्ती गाड़ी से पेट्रोलिंग के लिए निकली थी। इसी बीच हाई स्पीड से आ



**दोनों कार का अगला हिस्सा चकनाचूर, ड्राइवर को हिरासत में लिया, पूछताछ जारी**

रही थार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है। थार को जप्त कर लिया गया है। थार में 4 लोग सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। कार की डिटेल्स निकाली जा रही है।

**घटनास्थल पर राहगीरों की लगी भीड़ः** जिस वक्त घटना हुई, वहां से राजगीर गुजर रहे थे। टक्कर होने के बाद सभी रुक कर देखने लगे। इसी बीच गश्ती दल के कर्मियों ने सचिवालय थाने को सूचना दी।


## दो दोस्तों पर बरसाई गोलियां, दोनों की हालत गंभीर, स्कॉर्पियो सवार बदमाश मौके से फरार

एजेंसी, पटना

महाशिवरात्रि के दिन पटना में गोलीबारी की घटना सामने आई है। रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के शिवाजी चौक के पास अज्ञात अपराधियों ने दो युवकों को दिनदहाड़े गोली मार दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना फौरन पुलिस को दी। इसके बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**बाइक सवारों ने दोनों दोस्तों को मारी गोलीः** जानकारी के अनुसार, बिट्टू कुमार 24 साल और पिंटू कुमार 25 वर्ष नामक ये दोनों दोस्त चाय पीने आए थे, तभी बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया। घटना की सूचना मिलते ही रामकृष्ण नगर थाने की पुलिस और सदर एसडीपीओ-2 मौके पर पहुंचे। सदर डीएसपी-2 रंजन कुमार ने बताया





**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

कि, 'बाइक सवार 2 अपराधी पहुंचे और स्कॉर्पियो सवार दोस्त पिंटू कुमार, बिट्टू कुमार पर गोलीबारी कर दी। फिर दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए। गोली लगते ही दोनों युवक गंभीर रूप घायल हो गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को फौरन नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। घटनास्थल से पुलिस को गोली का खोखा नहीं मिला है।'

**सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिसः** रामकृष्ण नगर थाना प्रभारी ने बताया कि, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश या अन्य संभावित कारणों की पड़ताल की जा रही है। इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि, गोली मारने वाले अपराधी की पहचान अरमान और कारू के रूप में हुई है। एक साल पहले दोनों के बीच आपसी विवाद हुआ था और इसी विवाद के परिणाम स्वरुप रविवार को गोलीबारी की घटना हुई है।

## राजद ने रामविलास पासवान को बेचारा कहा, लोजपा का प्रदर्शन, तेजस्वी यादव का किया पुतला दहन

एजेंसी, पटना

लोजपा रामविलास ने आज पटना के कारगिल चौक पर तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया। गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पार्टी के कई पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। उनसे सार्वजनिक माफी की मांग की गई।

एलजेपी (रामविलास) के नेताओं का आरोप है कि इस टिप्पणी से न केवल एक वरिष्ठ नेता का अपमान हुआ, बल्कि दलित समाज की भावनाएं भी आहत हुई हैं। उनका कहना है कि रामविलास पासवान ने अपने राजनीतिक जीवन में हर वर्ग, खासकर वंचित और दलित समाज के लिए लंबा संघर्ष किया था, ऐसे में उन्हें "बेचारा" कहना उनकी राजनीतिक विरासत को छोटा करने की कोशिश है।

**दलित समाज का अपमान बर्दाश्त नहीं- चंदन यादवः** पटना जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने



सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव और उनके विधायक लगातार मर्यादा की सीमाएं लांघ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सदन जैसे गंभीर मंच पर इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रामविलास पासवान जी हमारे पूजनीय नेता थे। उन्हें छोटे शब्दों में बांधने की कोशिश पूरे दलित समाज का अपमान है। नेता प्रतिपक्ष को इस पर स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए।

**माफी तक जारी रहेगा आंदोलन- सोनम**

**विधानसभा में तेजस्वी के विधायक ने की थी टिप्पणी**

**पासवानः** महिला कार्यकर्ता सोनम पासवान ने कहा कि विधानसभा में जिस तरह से टिप्पणी की गई, वह केवल राजनीतिक बयान नहीं बल्कि भावनात्मक चोट है। रामविलास पासवान जी कोई छोटे नेता नहीं थे। वे दूरदर्शी, संघर्षशील और सर्वमान्य व्यक्तित्व थे। जब तक तेजस्वी यादव और संबंधित विधायक सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

**क्या है पूरा विवाद?ः** विवाद की शुरुआत हाल ही में बिहार विधानसभा के सत्र के दौरान हुई बहस से जुड़ी है। सदन में चर्चा के दौरान गया के विधायक कुमार सर्वजीत ने लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक और दिवंगत केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान का जिक्र करते हुए कथित तौर पर "बेचारा" शब्द का इस्तेमाल किया। इसके विरोध में यह लोग प्रदर्शन कर रहे हैं।

### तेजप्रताप के 4 घंटे बाद अनुष्का के भाई का पोस्ट

## महाशिवरात्रि पर बच्ची को गोद में लेकर जारी किया वीडियो

एजेंसी, पटना

महाशिवरात्रि पर तेजप्रताप यादव ने रुद्राभिषेक करते हुए एक तस्वीर पोस्ट की। तेजप्रताप के इस पोस्ट के बाद अनुष्का यादव के भाई आकाश यादव ने भी एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में आकाश एक बच्ची को गोद में लिए हुए हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में डायलॉग चल रहा है, "तुम मन में स्मरण करो, मैं सुनता हूं। तुम मन में मुझे पुकारो, मैं आता हूं। मुझे कुछ नहीं चाहिए। अगर तुम मन को शिवमय करो तो वहीं मेरा कैलाश, वहीं मेरी उज्जैनी।"

5 फरवरी को अनुष्का यादव को बेटी हुई। 9 फरवरी को चर्चा होने लगी कि बच्ची के पिता तेजप्रताप यादव हैं। खबर सामने आते ही तेजप्रताप यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अनुष्का की बेटी



का पिता होने से इनकार कर दिया। उन्होंने इस खबर को झूठा बताते हुए कहा कि अनुष्का से उनका कोई संबंध नहीं है। तेजप्रताप यादव ने आकाश भाटी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, 'बच्चा आकाश भाटी का है।' 10 फरवरी को अनुष्का यादव के भाई आकाश यादव ने इंस्टा पर एक पोस्ट शेयर की है। उसमें उन्होंने एक नवजात बच्ची का हाथ अपनी उंगलियों से पकड़ा था। तस्वीर के नीचे लिखा था- मेरी उज्जैनी।

## पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव, महिला कॉलेजों में भीड़ लगाने पर उम्मीदवारी होगी रद्द

एजेंसी, पटना

पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ के चुनाव प्रचार के दौरान महिला कॉलेजों में भीड़ लगाने पर उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी। इसकी जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. शंकर कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि महिला कॉलेजों या अन्य संस्थानों में भीड़ या पैनिक की स्थिति होने पर प्रत्याशी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पोस्टर, होर्डिंग और प्रतिबंधित प्रचार माध्यमों पर रोक रहेगी। पोलिंग बूथों की भी संख्या बढ़ाकर 41 कर दी गई है।

**5 समर्थकों के साथ कैंडिडेट करेंगे कैपेनिंगः** चुनाव प्रत्याशियों की अंतिम लिस्ट 21 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। प्रो शंकर कुमार की तरफ से जारी आदेश के अनुसार 21 से 26 फरवरी की शाम 5 बजे तक प्रत्याशी चुनाव प्रचार कर सकते हैं। सभी प्रत्याशी ज्यादा से ज्यादा




5 समर्थकों के साथ यूनिवर्सिटी के अलग-अलग संस्थानों में प्रचार-प्रसार कर सकेंगे। इस दौरान सभी को आईडी कार्ड साथ रखना अनिवार्य होगा। छात्र संघ चुनाव में किसी असमाजिक तत्वों का प्रवेश ना हो इसे लेकर एक नियम लागू किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी कॉलेजों को निर्देशित किया है कि चुनाव संपन्न होते तक किसी बाहरी व्यक्ति को कैंपस में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वहीं, चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए यूनिवर्सिटी ने एक बड़ा निर्णय लिया है।

## पिता के ड्रीम प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने पहुंचे निशांत, नंगे पैर बोधगया भ्रमण कर दिखाई आस्था

एजेंसी, पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में आने की चर्चा इन दिनों तेज हो गई है। इसी बीच उनका गया दौरा काफी चर्चा में रहा। दौरे के दौरान उन्होंने अपने पिता के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल गंगा जल आपूर्ति योजना के तहत टेटर जलाशय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से परियोजना की प्रगति, संचालन और जल आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि गंगा का पानी पाइपलाइन के जरिए जलाशयों और जल शोधन संयंत्रों तक लाया जाता है, जहां इसे शुद्ध कर लोगों को पेयजल के रूप में उपलब्ध कराया जाता है।

**दशरथ मांझी को श्रद्धांजलि, संघर्ष को किया नमनः** गया दौरे के दौरान वे दशरथ मांझी मेमोरियल भी पहुंचे। वहां उन्होंने दशरथ मांझी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस



मौके पर उन्होंने मांझी के बेटे से आशीर्वाद लिया और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। इसके बाद वे उस ऐतिहासिक पहाड़ पर भी गए, जिसे मांझी ने 22 वर्षों तक अपने हाथों से काटकर रास्ता बनाया था। निशांत ने मांझी के अद्भुत दृढ़ संकल्प और अपनी पत्नी के प्रति उनके प्रेम को नमन करते हुए उनके संघर्ष को सलाम किया।

**नंगे पांव बोधगया भ्रमण, दिखाई आध्यात्मिक आस्थाः** दौरे के दौरान वे बोधगया पहुंचे, जहां उन्होंने नंगे पांव भ्रमण कर अपनी आध्यात्मिक आस्था की मिसाल पेश की। उन्होंने महाबोधि मंदिर में ध्यान लगाया और भगवान बुद्ध के जीवन, उपदेशों और मध्यम मार्ग के सिद्धांतों को समझा। इस दौरान उन्होंने "अप्प दीपो भव" के संदेश के महत्व को भी जाना।

**बुद्ध के जीवन दर्शन और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमणः** भ्रमण के दौरान उन्होंने जाना कि किस प्रकार सिद्धार्थ गौतम ने मानव जीवन के दुःखों के कारणों को समझने के लिए ज्ञान मार्ग अपनाया और कठोर तपस्या के बाद मध्यम मार्ग का अनुसरण करते हुए बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान किया, विदेश से आए पर्यटकों से मुलाकात की और बुद्ध से जुड़ी पुस्तकों का अध्ययन किया।

**80 फीट बुद्ध प्रतिमा स्थल भी गए निशांतः** इसके अलावा वे शयन मुद्रा बुद्ध और 80 फीट बुद्ध प्रतिमा स्थल भी गए। पूरे दौरे की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने पूरे बोधगया क्षेत्र का भ्रमण नंगे पांव किया, जो उनकी गहरी आस्था और आध्यात्मिक झुकाव को दर्शाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. धीरेंद्र कुमार का एआईआईएमएस नागपुर में सहायक आचार्य (सर्जरी) पद पर हुआ चयन



**बीएनएम @ मोतिहारी** : पूर्वी चंपारण जिला के महुआवा थाना अंतर्गत कटकेनवा गांव निवासी, पिता विरेंद्र प्रसाद यादव एवं माता शांति देवी के सुपुत्र डॉ. धीरेंद्र कुमार का चयन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नागपुर में सहायक आचार्य (सर्जरी) के पद पर हुआ है। यह उपलब्धि उनके अथक परिश्रम, उत्कृष्ट शैक्षणिक पृष्ठभूमि और सर्जरी क्षेत्र में व्यापक अनुभव का परिणाम है। इससे पूर्व वे ई.एस.आई.सी मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, बिहटा में सर्जरी विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वहां उन्होंने न केवल मरीजों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवा प्रदान की, बल्कि मेडिकल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण भी दिया। उनके मार्गदर्शन में अनेकों जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। डॉ. धीरेंद्र अपनी कार्यनिष्ठा, विनम्र स्वभाव और चिकित्सा सेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। उनका यह चयन न केवल उनके परिवार और सहयोगियों के लिए, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी इस उपलब्धि पर सांसद संजय जयसवाल, विधायक विशाल कुमार शाह सहित प्रखंड प्रमुख, मुखिया, सरपंच एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि डॉ. धीरेंद्र कुमार अपने अनुभव और विशेषज्ञता से संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देते रहेंगे।

### सुरेंद्र चौधरी सेवा ट्रस्ट ने धूमधाम से कराया जरूरतमंद कन्या का विवाह

**बीएनएम @ मोतिहारी**। शहर के सिरसा बंगाली कॉलोनी निवासी शिशिर दास की पौत्री एवं राकेश दास की सुपुत्री खुशी दास का विवाह सुरेंद्र चौधरी सेवा ट्रस्ट के सहयोग से धूमधाम के साथ संपन्न कराया गया। विवाह समारोह सामाजिक सौहार्द और सहयोग की भावना के बीच संपन्न हुआ। वरिष्ठ समाजसेवी एवं चार दशकों से अधिक समय से नव युवक पुस्तकालय के सचिव रहे सुरेंद्र चौधरी, जो सुरेंद्र चौधरी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक भी हैं, ने इस विवाह समारोह में सक्रिय भूमिका निभाई। खुशी दास का विवाह सिकंदराबाद (हैदराबाद) निवासी देबाशीष बोस के सुपुत्र इंजीनियर संदीप बोस के साथ संपन्न हुआ। इंजीनियर संदीप बोस ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन में इंजीनियर सुपरिंटेंडेंट के पद पर कार्यरत हैं। बारात के सिकंदराबाद से सिरसा आगमन पर स्वयं श्री चौधरी ने बारातियों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने इस सामाजिक कार्य का श्रेय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि ऐसे कार्य विकसित भारत की दिशा में सामाजिक सहभागिता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्ची मानवता है और समाज के अन्य लोगों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

### सूखा नशा के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, तस्कर गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। जिले में सूखा नशा के खिलाफ अभियान के तहत एक और बड़ी कार्रवाई की गई है। फेनहारा थाना के नवपदस्थापित थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने पदभार ग्रहण करते ही बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के चकनसीबा गांव में छापेमारी कर गांजा तस्कर श्याम नंदन राय को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो लाख दस हजार रुपये नगद, 26 पैकेट गांजा, 62 पीस "गोगो" तथा 60 पीस भांग का गोला बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ जारी है तथा नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने कहा है कि सूखा नशा और मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### रक्सौल में रखरखाव कार्य के कारण तीन घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**बीएनएम @ रक्सौल**। रक्सौल के विद्युत शक्ति उपकेंद्र में आवश्यक रखरखाव कार्य को लेकर सोमवार को विभिन्न फीडरों की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शीतलपुर और टाउन-3 फीडर की बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी। वहीं आईसीपी, बियाडा, रेलवे, इंडस्ट्रियल तथा कौड़ीहार फीडर की आपूर्ति इसी अवधि के दौरान लगभग एक घंटे के लिए बाधित की जाएगी। सहायक विद्युत अभियंता सुनील रंजन ने बताया कि उपकेंद्र में पावर ट्रांसफॉर्मर के अर्थिंग केबल की मरम्मत के लिए यह कार्य किया जा रहा है। इस दौरान रक्सौल शहर सहित कौड़ीहार, आईसीपी, बियाडा, शीतलपुर और इंडस्ट्रियल फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय से पहले अपने आवश्यक कार्य पूरा कर लें। विभाग का कहना है कि ट्रांसफॉर्मर के रखरखाव का कार्य तय समय के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, ताकि बिजली आपूर्ति जल्द सामान्य हो सके।

### लक्ष्मीपुर गदरिया में बाइक दुर्घटना, शिक्षक दंपति घायल

**बीएनएम @ तुरकौलिया**। मोतिहारी–अरेराज मुख्य पथ पर लक्ष्मीपुर गदरिया के समीप हुई सड़क दुर्घटना में शिक्षक दंपति घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायल शिक्षक की पहचान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के उज्जैन लोहियार निवासी संजय कुमार पासवान के रूप में हुई है, जबकि उनके साथ उनकी पत्नी भी घायल हुई हैं। दोनों पकड़िया स्कूल में पदस्थापित बताए जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक दंपति एक ही बाइक से गायघाट से रघुनाथपुर स्थित अपने आवास जा रहे थे। इसी दौरान लक्ष्मीपुर गदरिया के पास पीछे से आ रहे एक युवक ने बाइक से चकमा दे दिया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और विपरीत दिशा से आ रही एक कार से टकराकर दोनों सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में शिक्षक संजय कुमार पासवान का हाथ टूट गया है, जबकि उनकी पत्नी को आंशिक चोटें आई हैं। दोनों का इलाज जारी है।

# सनातन संस्कृति प्रकृति संरक्षण का विज्ञान है : डॉ. अमित रंजन

बीएनएम @ मोतिहारी/केसरिया




प्रखंड के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदपरसा में वन विभाग के सहयोग से नेत्रिका फाउंडेशन एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के बैनर तले "पर्यावरण की पाठशाला" सह पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अमित रंजन ने कहा कि सनातन संस्कृति अपने मूल स्वरूप में विज्ञान है, जो प्रकृति संरक्षण का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज भले आधुनिक अर्थों में कम शिक्षित रहे हों, लेकिन वे प्रकृति के विज्ञान को गहराई से समझते थे। आज ज्ञान और तकनीक बढ़ी है, पर प्रकृति के साथ संतुलन की समझ कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता उस पारंपरिक वैज्ञानिक दृष्टि को पुनः समझने की है, जो पर्यावरण संरक्षण में सहायक हो। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमोद कुमार ने प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम करने पर बल दिया। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को बाजार जाते समय झोला प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। डॉ. स्नेह एस. चौरसिया और डॉ. कीर्ति ने 3P — पेड़, पानी और प्लास्टिक — के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रभात रंजन पाण्डेय, छात्रा कोमल सहित कई शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक उमाशंकर सिंह ने की, जबकि संचालन रामभूषण सिंह और संयोजन सरफराज अहमद ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं के स्वागत गीत से हुई। प्रधानाध्यापक ने अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोक परंपराओं के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों को रवि रौशन कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेते हुए प्रत्येक वर्ष एक पौधा लगाने का संकल्प लिया।

## तीन थानों के थानेदारों का तबादला







बीएनएम @ मोतिहारी

जिले में पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तीन थानों के थानेदारों का तबादला किया गया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आदेश जारी करते हुए नई तैनाती की जिम्मेदारी सौंपी है। जारी आदेश के अनुसार संग्रामपुर थाना के थानाध्यक्ष राहुल कुमार को केसरिया थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पताही थाना के अपर थानाध्यक्ष अनूप कुमार को संग्रामपुर थाना की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा पुलिस लाइन में पदस्थापित अमित कुमार सिंह को बंजरिया थाना का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सभी नवपदस्थापित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।

## वाहन जांच में चोरी की बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार, 50 लीटर देशी शराब बरामद

बीएनएम @ मोतिहारी




जिले के आदापुर थाना पुलिस ने वाहन जांच और छापेमारी अभियान के दौरान अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों, एक शराब तस्कर और एक पियक्कड़ को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार एचएचडी मशीन से वाहन जांच के दौरान एक अपाची बाइक बरामद की गई। जांच में बाइक चोरी की पाई गई, जिसके बाद दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान घोड़ासहन थाना क्षेत्र के सिखौना गांव निवासी मुकेश कुमार (20) और रक्सौल थाना क्षेत्र के लौकहा गांव निवासी गणेश कुमार (21) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से एक डिजिटल कैमरा, एक लाइट कैमरा और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। थानाध्यक्ष पप्पु कुमार पासवान ने बताया कि आरोपी बाइक की नंबर प्लेट बदलकर चला रहे थे। जांच में बाइक शिवहर जिले के नगर थाना क्षेत्र निवासी सोनू कुमार की बताई जा रही है, जो वर्ष 2021 में चोरी हो गई थी और इस संबंध में नगर थाना शिवहर में कांड संख्या 191/2021 दर्ज है। इसी क्रम में धबधबवा गांव में छापेमारी कर 50 लीटर देशी शराब के साथ विशाल कुमार को गिरफ्तार किया गया। वहीं शराब सेवन के आरोप में शेखवा टोला निवासी राहुल राज को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। छापेमारी टीम में एसआई पंकज कुमार, पीएसआई मुकेश राम, सिपाही सोनू कुमार, सूरज कुमार, हैप्पी शुक्ला तथा चौकीदार रुपेश कुर्मी, जियालाल पासवान, हरि शंकर पटेल और भरत पासवान शामिल थे।

## कोटवा थाना क्षेत्र में चोरी की दो वारदातों का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

» चोरी के सोने-चांदी के आभूषण बरामद, पूछताछ जारी

बीएनएम @ मोतिहारी



कोटवा थाना क्षेत्र में जनवरी माह में हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा चोरी के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जनवरी 2026 को फतुहा नवादा गांव और 22 जनवरी 2026 को बंगरा गांव में चोरी की घटनाएं हुई थीं। इन मामलों में कोटवा थाना कांड संख्या 13/26 और कांड संख्या 28/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटनाओं के खुलासे के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 जितेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। जिला आसूचना इकाई के सहयोग से 14 फरवरी 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने दोनों चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान चोरी के आभूषण भी बरामद किए हैं, जिनमें 34 पीस चांदी का पायल और 18 पीस सोने का टॉप्स शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों में रामानंद साह (घोड़ासहन), संजय मलिक (बिजवनी), विनोद मलिक (इरनवा फुलवार), अर्जुन मलिक (चैलाहा) और विजय मलिक (कोटवा कझिया) शामिल हैं। सभी आरोपी पूर्वी चंपारण जिले के निवासी बताए जाते हैं। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 जितेश कुमार पाण्डेय, पर्यवेक्षी पदाधिकारी केसरिया अंचल खालिद अख्तर, थानाध्यक्ष कोटवा करण सिंह, अपर थानाध्यक्ष सूर्यकांत प्रसाद, मुकेश कुमार, अमन कुमार, जिला आसूचना इकाई प्रभारी अमरजीत कुमार, अनुज कुमार, परमानंद ठाकुर, विपीन कुमार, पंकज कुमार, संतोष कुमार तथा कोटवा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## 44 आज़मीन-ए-हज का हुआ वैक्सीनेशन, मेडिकल स्क्रीनिंग 17 फरवरी को

बीएनएम @ मोतिहारी




हज कमेटी ऑफ इंडिया और बिहार राज्य हज समिति के निर्देश पर रविवार को जामा मस्जिद परिसर स्थित अंजुमन इस्लामिया के कार्यालय में मेडिकल स्क्रीनिंग सह वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वर्ष 2026 में हज यात्रा पर जाने वाले कुल 44 आज़मीन-ए-हज को दिमागी बुखार का टीका लगाया गया, जबकि 65 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों को इन्फ्लुएंजा का टीकाकरण भी किया गया। शिविर का उद्घाटन अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक निदेशक मोहम्मद साजिद ने किया। उन्होंने हज यात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर जोर दिया और बताया कि 17 फरवरी को सदर अस्पताल में मेडिकल स्क्रीनिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वैक्सीनेशन टीम का नेतृत्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शफी इमाम ने किया। शिविर के आयोजन में अंजुमन इस्लामिया के उपाध्यक्ष नजीउल्लाह खां, संयुक्त सचिव आफताब हसन, सहायक सचिव जमील अहमद सैफी सहित कई सदस्यों और स्वास्थ्यकर्मियों ने सहयोग किया। इधर ढाका में ढाका जामा मस्जिद में हज प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। मस्जिद के इमाम मौलाना नजरूल मोबीन नदवी ने हज यात्रा को पवित्र और धैर्यपूर्ण इबादत बताते हुए यात्रियों से सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान हज के अरकान, एहराम बांधने की प्रक्रिया और यात्रा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। हज मोआविन कार्यालय ढाका के अनुसार हज यात्रियों की रवानगी 18 अप्रैल 2026 से भारत के विभिन्न एम्बार्केशन पॉइंट से शुरू होगी और अंतिम उड़ान 18 मई तक संचालित की जाएगी।

## पाँच लाख रुद्राक्ष से निर्मित शिवलिंग पर महाशिवरात्रि में हुआ विशेष रुद्राभिषेक

बीएनएम @ मोतिहारी



महाशिवरात्रि के अवसर पर मनोकामना सिद्ध हनुमान आश्रम में स्थापित पाँच लाख रुद्राक्ष से निर्मित गोल्ड प्लेटेड शिवा-मुख आकृति के शिवलिंग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने श्रद्धा के साथ जलाभिषेक और रुद्राभिषेक कर भगवान शिव की आराधना की। आश्रम में स्थापित इस विशेष शिवलिंग को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था देखने को मिली। आयोजकों के अनुसार पिछले पाँच वर्षों में लाखों भक्त यहाँ जलाभिषेक और पूजा-अर्चना कर चुके हैं। रुद्राक्ष को भगवान शिव का प्रतीक मानते हुए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पूजा करने पहुंचे। महाशिवरात्रि के दिन आचार्य डॉ. शम्भनाथ सीकरीया के नेतृत्व में सुबह लगभग 8 बजे सैकड़ों श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। आश्रम की ओर से पूजा-अर्चना के लिए गंगाजल और बेलपत्र की व्यवस्था भी की गई, जबकि श्रद्धालुओं को अपनी सामग्री लाने की भी अनुमति दी गई। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से भगवान शिव की आराधना, संयम और सदाचार का पालन करने का आह्वान किया। महाशिवरात्रि के इस अवसर पर पूरे आश्रम परिसर में भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा।

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, दो थाना क्षेत्रों से भारी मात्रा में बरामदगी

बीएनएम @ मोतिहारी




जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुंडवाचैनपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। खरुही ढाला के समीप छापेमारी कर पुलिस ने दो मोटरसाइकिल पर लदी 960 बोतल नेपाली शराब (लगभग 288 लीटर) बरामद की तथा एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में कुंडवाचैनपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब की खेप जब्त की। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उससे पूछताछ कर नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के बनपरूआ गांव में पुलिस कार्रवाई के दौरान 200 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की गई। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी स्तर पर कानून का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें, ताकि समाज को इस बुराई से मुक्त किया जा सके।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, सख्त कार्रवाई की मांग

बीएनएम @ मोतिहारी



थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की के साथ कथित दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता के परिजन ने थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र के अनुसार घटना 13 दिसंबर 2025 को हुई बताई गई है। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि आरोपी का परिवार से पूर्व से परिचय था और इसी जान-पहचान का फायदा उठाकर उसने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने प्रभाव में लिया। परिजनों का कहना है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर विश्वास जीता और फिर जबरन दुष्कर्म किया। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना के बाद पीड़िता गर्भवती हो गई है, जिससे परिवार गहरे मानसिक आघात और सामाजिक दबाव का सामना कर रहा है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मामले की जानकारी होने के बाद आरोपी पक्ष समझौते का दबाव बना रहा है। शिकायत में कहा गया है कि पीड़ित परिवार को डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है, ताकि वे कानूनी कार्रवाई से पीछे हट जाएं। इस स्थिति को देखते हुए परिवार ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की है। आवेदन में थानाध्यक्ष से अनुरोध किया गया है कि मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर आरोपी को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। साथ ही पीड़िता की चिकित्सीय जांच, सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने की अपील की गई है। यह पूरा मामला फिलहाल शिकायत पत्र में लगाए गए आरोपों पर आधारित है। पुलिस द्वारा जांच और विधिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी। स्थानीय स्तर पर इस घटना को लेकर चिंता और आक्रोश का माहौल है, वहीं प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रात्रि छापेमारी में कांड संख्या 725/24 के तीन वारंटी और एक पियक्कड़ गिरफ्तार



**बीएनएम @ अरेराज।** अनुमंडल क्षेत्र के मलाही थाना पुलिस ने बीती रात विशेष गश्ती अभियान के दौरान छापेमारी कर तीन गैर-जमानती वारंटियों (NBW) और एक शराब के नशे में धुत व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष भारती के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार कांड संख्या 725/24 में फरार चल रहे आरोपी विकास कुमार मिश्र और धनंजय मिश्र, दोनों पिता नरेंद्र मिश्र के पुत्र, को उनके आवास से दबोचा गया। इनके साथ ही नरेंद्र मिश्र (पिता स्वर्गीय बच्चन मिश्र) को भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी मलाही थाना क्षेत्र के खैरवा चौबे टोला गांव के निवासी बताए गए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और शराबबंदी कानून के प्रभावी पालन को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को पकड़ने में सफलता मिली। इसके अतिरिक्त एक अन्य व्यक्ति को शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर उत्पात मचाने के आरोप में हिरासत में लिया गया। सभी गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।

### रघुनाथपुर में छापेमारी, भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद



**बीएनएम @ तुरकौलिया।** रघुनाथपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वार्ड संख्या-29 में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने बताया कि शराब एक अर्धनिर्मित मकान के स्नानघर में छुपाकर रखी गई थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 180 एमएल की ऑफिसर चॉइस शराब की कुल 275 बोतलें बरामद कीं। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष अलका कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि वार्ड संख्या-29 स्थित एक मकान में शराब छुपाकर रखी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया, जिसमें शराब बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में बरामद शराब विशाल सहनी की बताई जा रही है, जिसने इसे दूसरे के अर्धनिर्मित मकान में छुपाकर रखा था। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और फरार शराब कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### गैस सिलेंडर फटने से दो घर जलकर राख, लाखों की संपत्ति नष्ट



**बीएनएम @ रामगढ़वा :** थाना क्षेत्र के चंपापुर प्रसोतीपुर गांव (वार्ड संख्या 8) में रविवार को इंडेन गैस सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई। इस हादसे में दो ग्रामीणों—राजुल महतो और पुन्देव महतो—के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना उस समय हुई जब राजुल महतो की पत्नी बच्ची देवी खाना बनाने की तैयारी कर रही थीं। अचानक सिलेंडर में विस्फोट होने से आग तेजी से फैल गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन भारी संपत्ति का नुकसान हुआ। पीड़ित परिवारों के अनुसार आग लगने से दोनों घरों में रखे करीब साढ़े छह लाख रुपये नगद, 9 थान चांदी और 14 थान सोने के आभूषण जलकर नष्ट हो गए। इसके अलावा अनाज, कपड़े और फर्नीचर सहित घरेलू सामान भी पूरी तरह जल गया। सूचना मिलने के लगभग आधे घंटे बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने तत्काल राहत के रूप में दोनों परिवारों को 2500-2500 रुपये की सहायता प्रदान की और गैस कंपनी के अधिकारियों से बात कर पीड़ितों को जल्द मदद दिलाने का आश्वासन दिया। सामाजिक कार्यकर्ता कुणाल गुप्ता ने भी संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों परिवारों को 2600-2600 रुपये की आर्थिक सहायता दी।

### जनमत पार्टी के प्रति युवाओं का बढ़ा आकर्षण, दो दर्जन से अधिक युवा शामिल



**बीएनएम @ रक्सौल / बीरगंज।** पर्सा निर्वाचन क्षेत्र संख्या 1 के विभिन्न वार्डों से दो दर्जन से अधिक जेनजी पीढ़ी के युवाओं ने जनमत पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। क्षेत्र में 'हरन' चुनाव चिन्ह को विजयी बनाने की प्रतिबद्धता के साथ युवाओं ने औपचारिक रूप से पार्टी प्रवेश किया। बीरगंज–20 के शत्रुधन यादव तथा बीरगंज–13 के प्रंजल ठाकुर के नेतृत्व में युवाओं ने स्वेच्छा से पार्टी जॉइन की। नवप्रवेशी युवाओं का कहना है कि क्षेत्र के विकास, सुशासन और युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने के उद्देश्य से उन्होंने जनमत पार्टी को चुना है। पार्टी प्रवेश कार्यक्रम में पर्सा क्षेत्र संख्या 1 से पार्टी उम्मीदवार ओमप्रकाश सर्राफ, नेतृ रंभा मिश्रा, नेता भूपेंद्र साह, डॉ. मनोज कुमार, युवा दस्ते के जिला अध्यक्ष मनोज साह और युवा महानगर अध्यक्ष अजित सिंह सहित अन्य नेता उपस्थित रहे। नेताओं ने नवप्रवेशी युवाओं का टीका और माला पहनाकर स्वागत किया तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन और अधिक सशक्त तथा गतिशील बनेगा। उन्होंने आगामी चुनाव में जनमत पार्टी को क्षेत्र में निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करने का विश्वास व्यक्त किया।

# गोविंदापुर बाजार स्थित खाद दुकान चोरी का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

बीएनएम @ तुरकौलिया



थाना क्षेत्र के गोविंदापुर बाजार स्थित एक खाद दुकान में हुई लाखों रुपये की चोरी का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो सुगौली थाना क्षेत्र और दो रामगढ़वा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर तकनीकी अनुसंधान करते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई गई। गिरफ्तार आरोपियों में रामगढ़वा थाना क्षेत्र के बेला शेखटोली निवासी नसरुद्दीन अंसारी और शमसाद आलम तथा सुगौली थाना क्षेत्र के बेलवतिया निवासी दीपक कुमार और फुर्तीलाल सहनी शामिल हैं। इनके पास से विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में नसरुद्दीन अंसारी का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उसकी संलिप्तता रामगढ़वा थाना क्षेत्र के तीन अन्य मामलों में भी पाई गई है। जानकारी के अनुसार गोविंदापुर निवासी आनंद कुमार की खाद-बीज एवं नर्सरी की दुकान है। दुकान के पीछे बने कमरे में उनके माता-पिता रहते हैं। बीते वर्ष 7 अगस्त की रात भोजन के बाद परिवार सो गया। सुबह उठने पर दुकान का सामान बिखरा मिला। काउंटर से लगभग तीन लाख रुपये नकद और दो दिनों की बिक्री के 60 से 70 हजार रुपये गायब थे। इसके अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी चोरी कर लिए गए थे। सदर डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि चोरी की घटना में शामिल लाइनर और चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में अन्य संलिप्त लोगों की तलाश की जा रही है तथा आगे की कार्रवाई जारी है।

## सेंट कोलंबस स्कूल का भव्य उद्घाटन, विधायक ने काटा फीता

बीएनएम @रामगढ़वा

प्रखंड के गांधी नगर स्थित मिट्टी तेल डिपो के समीप रविवार को सेंट कोलंबस स्कूल का भव्य उद्घाटन समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता ने फीता काटकर विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति की आधारशिला है। नए विद्यालय के खुलने से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा का अवसर मिलेगा, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। विद्यालय के डायरेक्टर मोहम्मद राशिद ने बताया कि संस्थान में कक्षा 1 से 10वीं तक की पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना और उन्हें आधुनिक शिक्षा पद्धति से जोड़ना है, ताकि वे प्रतिस्पर्धी युग में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें मनोज सिंह,



रजाउर रहमान, प्रभु प्रसाद, नुरैन खान, प्रमुख पति विशाल गुप्ता, उप प्रमुख अरविंद पांडे, इरशाद मुखिया, अब्दुल हक, अजहर जावेद, समाजसेवी अरशद अली, मुन्ना मुफ्ती जियाउल और अरुण कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे। विद्यालय के उद्घाटन से स्थानीय अभिभावकों में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से उपस्थित अतिथियों और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## कृषि कनेक्शन के लिए 16 से 27 फरवरी तक विभिन्न पंचायतों में लगेंगे विशेष शिविर

बीएनएम @ रक्सौल



विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, रक्सौल के अंतर्गत किसानों को कृषि कार्य हेतु नए बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए 16 फरवरी से 27 फरवरी तक विभिन्न पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यपालक अभियंता अजय कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य किसानों को विभागीय कार्यालयों के चक्कर से राहत देना और खेती के मौसम से पहले बिजली सुविधा सुनिश्चित करना है। जारी कार्यक्रम के अनुसार आदापुर सेक्शन में 16 से 18 फरवरी तक अलग-अलग पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। इसी तरह बनकटवा सेक्शन में 19 और 20 फरवरी, छौड़ादानो सेक्शन में 21 फरवरी, घोड़ासहन सेक्शन में 23 फरवरी तथा रामगढ़वा सेक्शन में 24 फरवरी को कैंप आयोजित होंगे। रक्सौल (ग्रामीण) सेक्शन में 25 फरवरी को परसौना तपसी, जोकियारी, हरनाही और भेलाही पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। वहीं सुगौली सेक्शन में 26 और 27 फरवरी को सुगांव, फुलवारिया, बगही और पचरुखा ईस्ट सहित अन्य पंचायतों में कैंप आयोजित कर इस अभियान का समापन किया जाएगा। कार्यपालक अभियंता ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर अपनी नजदीकी पंचायत में पहुंचकर कृषि कनेक्शन के लिए आवेदन करें, ताकि सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों में बिजली का लाभ समय पर मिल सके।

## नवनिर्मित छठ घाट और तालाब परिसर का भव्य उद्घाटन, सेल्फी पॉइंट बना आकर्षण का केंद्र


बीएनएम @ अरेराज




नगर पंचायत अरेराज में नवनिर्मित छठ घाट और तालाब परिसर का उद्घाटन समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। इस परियोजना का लोकार्पण पूर्व विधायक राजन तिवारी और नगर पंचायत अध्यक्ष अमितेश कुमार उर्फ रन्टू पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद परिसर की सुंदरता और आधुनिक सुविधाओं को देखकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया। समारोह को संबोधित करते हुए राजन तिवारी ने कहा कि यह परियोजना नगर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आने वाले समय में अरेराज को और अधिक आकर्षक एवं सुविधाजनक बनाया जाएगा। वहीं नगर अध्यक्ष रन्टू पाण्डेय ने कहा कि यह पोखर अपनी अनोखी बनावट और सौंदर्य के कारण जल्द ही पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने नगर के सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। नवनिर्मित परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। तालाब के चारों ओर रंग-बिरंगी लाइटिंग लगाई गई है, जो रात में इसकी खूबसूरती को और बढ़ाती है। युवाओं और पर्यटकों के लिए "आई लव चकाचक अरेराज" नाम से विशेष सेल्फी पॉइंट बनाया गया है, जो उद्घाटन के पहले दिन से ही लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसके अलावा परिसर में उच्च गुणवत्ता वाली टाइल्स बिछाई गई हैं और बैठने के लिए बेंचों की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद अहमद अली, कार्यपालक पदाधिकारी निखिल कुमार, प्रधान लिपिक त्रिभुवन कुमार सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे नगर के विकास और पहचान को मजबूत करने वाला कदम बताया।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, शिवभक्ति में डूबे कई प्रखंड

बीएनएम @ हरसिद्धि / सुगौली / रामगढ़वा / पताही



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूर्वी चंपारण जिले के विभिन्न प्रखंडों में शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही भक्तजन जल, बेलपत्र, धतूरा और दूध लेकर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए मंदिरों में कतारबद्ध दिखाई दिए। "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। हरसिद्धि प्रखंड के हरसिद्धि बाजार, मठ लोहियर, गायघाट, सेवराहा और हरपुर सहित विभिन्न शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कई मंदिरों में रात्रि जागरण, भजन-कीर्तन और शिव विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे और स्वयंसेवक भी श्रद्धालुओं की सहायता में सक्रिय दिखे। सुगौली नगर पंचायत के धनही स्थित शिवालय में स्थापित युग्म शिवलिंग के जलाभिषेक के लिए अर्द्धरात्रि से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। शिवालय प्रबंध समिति, स्थानीय प्रशासन और युवाओं ने व्यवस्था संभालकर श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की। रामगढ़वा प्रखंड में भी शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बाजार स्थित शंकर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विशेष रुद्राभिषेक, हवन-पूजन और भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया। भगवान शिव-पार्वती की झांकियों के साथ निकली शिव बारात का नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया और महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पताही प्रखंड के जिहुली पंचायत स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, नारायणपुर के ठिठरनाथ महादेव मंदिर और महमदा शिव मंदिर सहित कई शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने उपवास रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों को फूल-मालाओं और रोशनी से सजाया गया था, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा।

## . पुरुषोत्तम दुबे नेपाली कांग्रेस की केन्द्रीय प्रचार–प्रसार समिति में मनोनीत

बीएनएम @ रक्सौल / बीरगंज

नेपाल की प्रमुख राजनीतिक पार्टी नेपाली कांग्रेस के केन्द्रीय कार्यालय ने बृहस्पति फाउन्डेशन नेपाल के अध्यक्ष, प्रख्यात ज्योतिषाचार्य और समाजसेवी डॉ. पुरुषोत्तम दुबे को पार्टी की केन्द्रीय प्रचार–प्रसार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय बी.पी. स्मृति भवन, ललितपुर से जारी पत्र में बताया गया है कि आगामी प्रतिनिधि सभा निर्वाचन में पार्टी उम्मीदवारों को विजयी बनाने, समानुपातिक मत बढ़ाने तथा प्रचार–प्रसार कार्यक्रम को प्रभावी और समन्वित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। केन्द्रीय प्रचार–प्रसार समिति के संयोजक एवं पार्टी प्रवक्ता देवराज चालिसे द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में विश्वास व्यक्त किया गया है कि डॉ. दुबे कला, संस्कृति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को संगठित कर चुनावी अभियान को परिणाममुखी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डॉ. दुबे लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। संगठनात्मक क्षमता




और नेतृत्व कौशल के कारण उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। हाल ही में बृहस्पति फाउन्डेशन नेपाल के अध्यक्ष के रूप में उनका जन्मदिन भी विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा मनाया गया था। पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके अनुभव से संगठन को मजबूती मिलेगी।

## रामगढ़वा पुलिस की कार्रवाई: शराब पीने के आरोप में चार गिरफ्तार




बीएनएम @ रामगढ़वा

शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए रामगढ़वा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पचभेड़िया गांव से शराब सेवन के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पचभेड़िया निवासी भगीरथ महतो, रूपेश महतो, उलटन महतो और नन्हक सहनी के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी के विरुद्ध कांड संख्या 77/26 दर्ज किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्ती बरती जाएगी।

# बैरिया–मंझार सड़क पर जर्जर अप्रोच पथ बना खतरा, ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग

बीएनएम @ तुरकौलिया



बैरिया बाजार से मंझार गांव जाने वाली सड़क पर नदी के ऊपर पुल तो बना दिया गया है, लेकिन पुल से जुड़ा संपर्क (अप्रोच) पथ पूरी तरह जर्जर होकर बदहाली का नमूना बन गया है। सड़क टूटने से बड़े वाहनों का आवागमन लगभग ठप हो गया है और छोटे वाहनों के लिए भी पुल पार करना जोखिम भरा साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार आवागमन के नाम पर टेम्पू, रिक्शा, बाइक और छोटे वाहन किसी तरह गुजरते हैं, लेकिन पुल पर चढ़ते समय थोड़ी सी भी अनियंत्रित स्थिति होने पर वाहन सहित यात्रियों के नदी में गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय कुछ साइकिल और बाइक सवार पुल से नीचे पानी में गिर चुके हैं, हालांकि आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर उनकी जान बचा ली, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। ग्रामीण फगुनी सहनी, वीरेंद्र मांझी, राकेश मांझी, मदन सहनी, अरविंद कुमार, प्रदीप मांझी, रंजय कुमार, आलोक कुमार, राजू कुमार, दीपक कुमार, दिलीप कुमार और वार्ड सदस्य बली मांझी सहित अन्य लोगों ने बताया कि अप्रोच पथ टूट जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि अब तक एक दर्जन से अधिक लोग पुल के पास नदी में गिर चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पुल का निर्माण हुए अभी दो वर्ष भी पूरे नहीं हुए हैं, लेकिन अप्रोच पथ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यह सड़क केवल मंझार गांव तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अंदरूनी मार्ग से जिला मुख्यालय तक आवागमन का महत्वपूर्ण साधन है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द अप्रोच पथ की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों का आवागमन सुरक्षित हो सके।

# ममता बनर्जी के वकील की भूमिका

एसआईआर गंभीर विसंगतियों से ग्रस्त रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से खामियां दूर करने में कई बार मदद मिली, लेकिन बुनियादी मुद्दे हल नहीं हुए। ममता बनर्जी के वकील की भूमिका अपनाने से भी ऐसा होने की संभावना कम ही है। ममता बनर्जी इस मामले में अनूठी राजनेता हैं कि सत्ता के ऊंचे पदों पर रहने के बावजूद उन्होंने अपनी जूझारू भूमिका कभी नहीं छोड़ी। 15 साल से मुख्यमंत्री हैं, लेकिन इस दौरान उनकी गतिविधियों ने कोलकाता की सड़कों को कभी सियासी तौर पर सूना नहीं होने दिया। इस बीच बुधवार को उन्होंने नया चोला पहना। युवावस्था में ली गई कानून की डिग्री का उपयोग करते हुए वे सुप्रीम कोर्ट में बतौर वकील पेश हुईं। इस तरह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ अपनी लड़ाई को उन्होंने नया मुकाम दिया। इसके पहले पश्चिम बंगाल के उन जीवित मतदाताओं को लेकर वे निर्वाचन आयोग के दफ्तर गई थीं, जिनके नाम कथित तौर पर गलत ढंग से मतदाता सूची से हटाए गए हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का आरोप है कि निर्वाचन आयोग में उनसे बदसलूकी की गई, इसलिए आनन- फानन में उन्हें वहां से निकलना पड़ा। तो सुप्रीम कोर्ट में अपने खास अंदाज में उन्होंने इस केस की पैरवी की। समाधान क्या निकलेगा, कहना कठिन है। एसआईआर की प्रक्रिया गंभीर विसंगतियों से ग्रस्त रही है। इस कारण भारत की चुनाव व्यवस्था को लेकर अविश्वास बढ़ा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से प्रक्रियागत खामियां दूर करने में कई बार मदद मिली, लेकिन इससे बुनियादी मुद्दे हल नहीं हुए। ममता बनर्जी के वकील की भूमिका अपनाने से इस सूरत में आमूल बदलाव होगा, इसकी संभावना कम ही है। लेकिन अंत तक और हर मोर्चे पर संघर्ष करने के ममता के इरादे ने यह जरूर दिखाया है कि लोकतंत्र के सिकुड़ने का रोना रोने वाले विपक्षी राजनेता ऐसी परिस्थितियों में अपना दायित्व कैसे निभा सकते हैं। लोकतंत्र में किसी समस्या को मुद्दा बना देने और उसे लगातार मुद्दा बनाए रखने का अपना महत्त्व होता है। ऐसा हर उपलब्ध मंच और माध्यम का इस्तेमाल करते हुए ही किया जा सकता है। ममता बनर्जी ने एक समय अपराजेय दिखने वाला लेफ्ट फ्रंट का किला इसी अंदाज से ध्वस्त किया था।

# डिजिटल युग में मिसिंग पर्सन्स की अफवाहें- भय,तथ्य, कानून और लोकतंत्र पर मंडराता संकट

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

भारत सहित पूरे विश्व में अफवाहों और फेक न्यूज का संकट भी तेजी से बढ़ाना एक चुनौती- समाज, लोकतंत्र और मानव जीवन को गंभीर नुकसान -फेक न्यूज एक्ट 2026 बनाना जरूरी वैश्विक स्तरपर इक्कीसवीं सदी का डिजिटल युग सूचनाओं की अभूतपूर्व शक्ति लेकर आया है।इंटरनेट सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स ने याँ को जोड़ दिया है,लेकिन इसी के साथअफवाहों और फेक न्यूज का संकट भी तेजी से बढ़ा है। आज भारत ही नहीं, बल्कि पूराविश्व इस चुनौती से जूझ रहा है कि किस प्रकार झूठी,भ्रामक और जानबूझकर फैलाई गई सूचनाएँ समाज, लोकतंत्र और मानव जीवन को गंभीर नुकसान पहुँचा रही हैं।यह स्थिति अब केवल सामाजिक यानैतिक चिंता का विषय नहीं रही,बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, जनस्वास्थ्य तथा चुनावी प्रक्रिया की शुचिता से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुकी है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि अफवाहों का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि वे अक्सर सच का रूप धारण कर लेती हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वायरल होने वाली सामग्री भावनाओं को भड़काने,डर फैलाने और पूर्वाग्रह को मजबूत करने का काम करती है।भारत जैसे विविधता-पूर्ण देश में, जहाँ भाषा, धर्म, जाति और राजनीतिक मतभेद पहले से मौजूद हैं,अफवाहें सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर देती हैं। वैश्विक स्तर पर भी,अफवाहों ने नस्लीय तनाव,युद्ध जैसी स्थितियों और कूटनीतिकसंबंधों को प्रभावित किया है।फेक न्यूज़ का सबसे पहला और सबसे गहरा प्रभाव सामाजिक सौहार्द पर पड़ता है। सांप्रदायिक अफवाहें, भ्रामक वीडियो, एडिटेड तस्वीरें और संदर्भ से काटे गए बयान अक्सर हिंसा, दंगों और सामाजिकतनाव को जन्म देते हैं।भारत में बीते वर्षों में कई घटनाएं सामने आई हैं जहां व्हाट्सएप्प संदेशों या सोशल मीडिया पोस्ट के कारण भीड़ हिंसा,लिंचिंग और सांप्रदायिक टकराव हुए। यह दर्शाता है कि अफवाहें केवल सूचना की समस्या नहीं हैं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का संकट बन चुकी हैं।इसलिए अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अफवाहों से निपटने के लिए केवल सामान्य कानून या प्लेटफॉर्म की स्वैच्छिक नीतियाँ पर्याप्त नहीं हैं। कुछ समय पूर्व मुंबई में मिसिंग पपर्सन्स का मामला जोरशोर से उठ रहा था, मुंबई पुलिस द्वारा जारी चेतावनियों के बाद यह स्पष्ट हुआ कि मिसिंग पर्सन्स की संख्या पिछले वर्षों के औसत के अनुरूप ही थी,यानें अफवाहों पर कानूनी सख्ती की चेतावनी आई,मामला वहीं शांत हो गया।अब दिल्ली में मिसिंग पर्सन्स को लेकर फैली चर्चाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वास्तव में कोई असाधारण संकट है,या फिर यह डिजिटल अफवाहों द्वारा निर्मित सामाजिक भय है।दिल्ली में एक बड़ी न्यूज़ एजेंसी द्वारा यह दावा किया गया कि 2026 के पहले 15 दिनों में दिल्ली में 800 से अधिक लोग लापता हो गए। यह संख्या सुनने में भयावह लगती है,लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया कि कितने मामले पारिवारिक विवाद, स्वेच्छा से, एग्जाम का डर, युवकों की नासमझी, लव अफेयर्स से घर छोड़ने या फ़िर गलत रिपोर्टिंग से जुड़े हैं।सोशल मीडिया पर वीडियो, ऑडियो क्लिप और भावनात्मक पोस्ट वायरल हों रहें हैं। एक बड़े नेता द्वारा एक्स (पूर्व ट्विटर) पर चिंता व्यक्त किए जाने के बाद यह मुद्दा और अधिक चर्चा में आ गया।हालाँकि, जब आँकड़ों का विश्लेषण किया गया तो सामने आया कि दिल्ली में मिसिंग पर्सन्स की रिकवरी दर लगभग 77 प्रतिशत है। अर्थात, लापता घोषित किए गए लोगों में से एक बहुत बड़ा हिस्सा सुरक्षित रूप से वापस मिल जाता है।यह दर कई अंतरराष्ट्रीय महानगरों की तुलना में बेहतर मानी जाती है।मीडिया के हवाले से सुनने को मिला है कि दिल्ली पुलिस ने बताया कि हाल के अलग-अलग महीनों में मिसिंग पर्सन्स की जो संख्या बताई जा रही है वैसी ही संख्या पिछले वर्षों की औसत अवधि से भिन्न नहीं है तथा दिल्ली पुलिस के एक बड़े अधिकारी का बयान मैंने सुना उन्होंने कहा कि अफवाओं पर ध्यान ना दें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर अफवाहों का प्रभाव अत्यंत चिंताजनक है। चुनावों के दौरान फेक न्यूज मतदाताओं की सोच को प्रभावित करती है, उम्मीदवारों की छवि बिगाड़ती है और चुनावी निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है। भारत में हाल के वर्षों में चुनावी समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई गई भ्रामक जानकारियाँ इसका उदाहरण हैं।कई देशों में चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप और संगठित फेक न्यूज अभियानों की पुष्टि हुई है। यदि लोकतंत्र को सुरक्षित रखना है, तो अफवाहों को केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अनदेखा नहीं किया जा सकता। साथियों बात अगर हम जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में अफवाहों का प्रभाव और भी घातक सिद्ध हुआ है इसको समझने की करें तो कोविड-19 महामारी के दौरान दुनियाँ ने देखा कि कैसे झूठी सूचनाओं ने वैक्सीन को लेकर डर पैदा किया, इलाज के नाम पर खतरनाक घरेलू नुस्खों को बढ़ावा दिया और स्वास्थ्य प्रणालियों पर अविश्वास फैलाया।भारत सहित कई देशों में अफवाहों के कारण लोगों ने समय पर इलाज नहीं कराया, जिससे जानमाल की क्षति हुई। यह स्पष्ट है कि जब अफवाहें जीवन और मृत्यु का प्रश्न बन जाएँ, तब उन्हें रोकना केवल नैतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि कानूनी आवश्यकता बन जाती है।भारत में डिजिटल प्लेटफॉर्मों की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है।व्हाट्सएप्प फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अफवाहों के सबसे बड़े वाहक बन चुके हैं।एंड-टू-एंडएन्क्रिप्शन अनियंत्रित फॉरवर्डिंग और एल्गोरिदम आधारित कंटेंट प्रमोशन ने झूठी खबरों को पलक झपकते ही लाखों लोगों तक पहुँचा दिया है। वर्तमान भारतीय कानून, जैसे आईटी एक्ट या आईपीसी की कुछ धाराएँ, इस समस्या से निपटने के लिए अपर्याप्त साबित हो रही हैं। ये कानून अफवाहों की गति, पैमाने और जटिलता को ध्यान में रखकर नहीं बिलकुल बनाए गए थे। साथियों बात अगर हम पेड प्रमोशन और डर कीमार्केटिंग इस एंगल से समस्या को समझने की करें तोअफवाहों के पीछे केवल अज्ञानता ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक हित भी संभवतः काम कर रहे हैं।आज कई इन्फ्लुएंसर्स, पेज और चैनल जानबूझकर डरावनी सामग्री फैलाते हैं क्योंकिःइससे व्यूज बढ़ते हैं,एंगेजमेंट मिलता है पेड प्रमोशन और ब्रांड डील्स आती हैं,यह एक प्रकार की डर आधारित मार्केटिंग स्ट्रेटेजी है,जिसमें समाज की असुरक्षा को उत्पाद की तरह बेचा जाता है।कानून की सीमाएँः क्या मौजूदा प्रावधान पर्याप्त हैं?भारत में आईटी एक्ट, भारतीय न्याय संहिता और अन्य कानूनों में अफवाहों से निपटने के कुछ प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन वेःविशिष्ट नहीं हैं। साथियों बात अगर हम इसी संदर्भ में,एक विशिष्ट और सख्त कानून लाने की आवश्यकता की करें तो, फेक न्यूज एक्ट की आवश्यकता महसूस की जा रही है,जो अफवाहों को स्पष्ट रूप से अपराध की श्रेणी में रखे। ऐसा कानून न केवल जानबूझकर झूठी सूचना फैलाने वालों के लिए दंडात्मक प्रावधान तय करे, बल्कि यह भी परिभाषित करे कि अफवाह, फेक न्यूज और भ्रामक सूचना क्या है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक समान ढाँचे की दिशा में प्रयास आवश्यक हैं, ताकि डिजिटल प्लेटफॉर्म की वैश्विक प्रकृति को ध्यान में रखते हुए देशों के बीच सहयोग संभव हो सके।हालाँकि, केवल कानून बना देना ही पर्याप्त नहीं होगा। यदि नागरिक स्वयं सही और गलत जानकारी की पहचान करने में सक्षम नहीं होंगे, तो अफवाहें किसी न किसी रूप में फैलती रहेंगी। इसलिए व्यापक स्तर पर डिजिटल साक्षरता और मीडिया साक्षरता अभियानों की आवश्यकता है।

# बांग्लादेश की बदली राजनीतिक दिशाः भारत के सामने अवसर और अनिश्चितताएँ

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

बांग्लादेश के हालिया आम चुनाव में बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने तारिक रहमान के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। सत्रह वर्षों के लंबे निर्वासन के बाद राजनीति में लौटे तारिक रहमान ने अपनी माँ और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए पार्टी को दो-तिहाई से अधिक सीटें दिलाईं। यह जीत न केवल चुनावी सफलता है बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में सत्ता संतुलन के व्यापक पुनर्संयोजन और नए राजनीतिक दौर की शुरुआत का संकेत भी है। भारत के लिए यह परिणाम अवसरों के साथ-साथ कई रणनीतिक अनिश्चितताएँ भी लेकर आया है, जिनका प्रबंधन आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करेगा। पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय तक बांग्लादेश की राजनीति पर अवामी लीग और शेख हसीना का वर्चस्व रहा। इस अवधि में स्थिरता, आर्थिक विकास और क्षेत्रीय सहयोग के साथ-साथ सत्ता के केंद्रीकरण, विपक्ष के दमन और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कमजोर होने के आरोप भी लगातार लगते रहे। लंबे समय तक एक ही राजनीतिक धारा के प्रभुत्व ने मतदाताओं में प्रशासनिक थकान और परिवर्तन की आकांक्षा को जन्म दिया। बीएनपी की जीत को इसी व्यापक जन-असंतोष और राजनीतिक विकल्प की तलाश के परिणाम के रूप में देखा जा सकता। तारिक रहमान लंबे समय से बांग्लादेश की राजनीति में एक प्रभावशाली किंतु विवादास्पद चेहरा रहे हैं। निर्वासन काल के दौरान उन पर भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और कट्टरपंथी तत्वों से संबंधों जैसे आरोप लगे, जिनके कारण उनकी छवि धूमिल हुई। हालांकि दिसंबर 2025 में लंदन से स्वदेश वापसी के बाद उन्होंने अपने राजनीतिक दृष्टिकोण में बदलाव के संकेत दिए। उन्होंने पार्टी संगठन का पुनर्गठन किया, युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाया और जमीनी स्तर पर जन आंदोलन को पुनर्जीवित किया। निर्वासन काल के अनुभवों को उन्होंने राजनीतिक पूंजी में बदला और बीएनपी को चुनावी रूप से पुनर्स्थापित किया। इस संदर्भ में यह जीत केवल पारिवारिक विरासत का विस्तार नहीं बल्कि रणनीतिक पुनर्संयोजन, संगठनात्मक अनुशासन और बदलते राजनीतिक यथार्थ को समझने की क्षमता की सफलता भी मानी जा रही है। बीएनपी ने 13वें आम चुनाव में आर्थिक सुधार, भ्रष्टाचार उन्मूलन और अल्पसंख्यक सुरक्षा को अपने प्रमुख चुनावी मुद्दों के रूप में प्रस्तुत किया। बेरोज़गारी, महँगाई और शासन में पारदर्शिता की कमी जैसे मुद्दों ने मतदाताओं को गहराई से प्रभावित किया। पार्टी ने अपनी पारंपरिक कट्टरपंथी छवि से दूरी बनाने का प्रयास किया और हिंदू समुदाय सहित सभी अल्पसंख्यकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। यह जनादेश इस बात को रेखांकित करता है कि लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक वर्चस्व और प्रशासनिक थकान के बाद मतदाताओं ने परिवर्तन को प्राथमिकता दी। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से सत्ता परिवर्तन ने यह भी संकेत दिया कि बांग्लादेशी समाज स्थिरता के साथ-साथ उत्तरदायी शासन की अपेक्षा रखता है। भारत के दृष्टिकोण से बीएनपी की यह जीत मिश्रित संकेत देती है। ऐतिहासिक रूप से भारत के संबंध अवामी लीग सरकार के साथ अधिक सहज और स्थिर रहे हैं। सीमा प्रबंधन, आतंकवाद-रोधी सहयोग और कनेक्टिविटी परियोजनाओं में शेख हसीना सरकार ने भारत के साथ घनिष्ठ तालमेल रखा। इसके विपरीत, बीएनपी को लेकर नई दिल्ली में हमेशा संदेह बना रहा है, विशेषकर 2001-06 के शासनकाल के अनुभवों के कारण। हालांकि हाल के वर्षों में तारिक रहमान ने भारत के प्रति अपेक्षाकृत संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। चुनाव से पहले भारत द्वारा बीएनपी को अनौपचारिक रूप से "ग्रीन सिग्नल" देना इसी बदलते दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह संकेत करता है कि भारत अब बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में किसी एक दल पर निर्भर रहने के बजाय बहुआयामी संवाद की नीति अपनाने को तैयार है। आर्थिक दृष्टि से बीएनपी सरकार भारत के लिए नए अवसर खोल सकती है। बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और दक्षिण एशिया में भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का अहम स्तंभ भी। नई सरकार के कार्यकाल में द्विपक्षीय व्यापार के 20 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। कनेक्टिविटी परियोजनाओं, जलविद्युत सहयोग, सीमा व्यापार, डिजिटल कनेक्टिविटी और औद्योगिक निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिल सकती है। बांग्लादेश की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारतीय निवेश के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत करती है। अल्पसंख्यक हितों की रक्षा को लेकर बीएनपी की सार्वजनिक प्रतिबद्धता भारत की सामाजिक और राजनीतिक चिंताओं को कुछ हद तक कम करती है। इसके बावजूद अनिश्चितताएँ बनी हुई हैं। बीएनपी पर कट्टरपंथी तत्वों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगते रहे हैं और जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों की भूमिका को लेकर सतर्कता आवश्यक है। तारिक रहमान पर लगे पुराने भ्रष्टाचार आरोप, पाकिस्तान के साथ कथित संबंध और हालिया सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएँ भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाती हैं। भारत—बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ, तस्करी, मानव तस्करी और आतंकवाद से जुड़े जोखिम भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। यदि इन मुद्दों पर ठोस और पारदर्शी कार्रवाई नहीं होती तो द्विपक्षीय विश्वास प्रभावित हो सकता है। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का असर केवल भारत-बांग्लादेश संबंधों तक सीमित नहीं है बल्कि इसका प्रभाव व्यापक दक्षिण एशियाई भू-राजनीति पर भी पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान क्षेत्र में अपने प्रभाव को लगातार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए आवश्यक होगा कि वह बांग्लादेश के साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत रखे, ताकि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन भारत के प्रतिकूल न जाए। बहुपक्षीय मंचों और उप-क्षेत्रीय सहयोग पहलों के माध्यम से संवाद और सहयोग को सुदृढ़ किया जा सकता है। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए संतुलित और सक्रिय कूटनीति अपनाना अनिवार्य होगा। अवामी लीग के साथ पुराने संबंधों को बनाए रखते हुए बीएनपी सरकार के साथ संवाद स्थापित करना भारत के दीर्घकालिक हित में है। एकतरफा झुकाव के बजाय संस्थागत और बहुदलीय संपर्क भारत को अधिक रणनीतिक लचीलापन प्रदान करेगा। मानवाधिकार, अल्पसंख्यक सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के मुद्दों की भारत को न तो उपेक्षा करनी चाहिए और न ही अत्यधिक हस्तक्षेप करना चाहिए। विवेकपूर्ण संतुलन भारत की प्रभावशीलता को बनाए रख सकता है। तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की यह जीत भारत के लिए न तो पूरी तरह जोखिमपूर्ण है और न ही पूर्णतः अवसर-प्रधान। यह एक संक्रमणकालीन दौर है, जिसमें सतर्कता, संवाद और व्यावहारिक कूटनीति के माध्यम से भारत न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकता है बल्कि भारत—बांग्लादेश संबंधों को एक नई और अधिक परिपक्व दिशा दे सकता है। यदि अनिश्चितताओं का प्रभावी प्रबंधन किया गया और सहयोग के क्षेत्रों को सुदृढ़ किया गया तो यह राजनीतिक परिवर्तन न केवल द्विपक्षीय संबंधों बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता और सहयोग की संभावनाओं को भी सशक्त कर सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ख़ास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आज किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करते समय अपने बजट का ध्यान रखें। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं, साथ ही आपका स्थान परिवर्तन भी हो सकता हैं। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ज्यादा समय एकांत में बिताना पसंद करेंगे। आपकी बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेगा। नए कार्यों को लेकर आपकी उत्सुकता बढ़ेगी। आपको आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है और इसका लाभ आप आने वाले समय में देखेंगे। आज आपको किसी मनचाही वस्तु मिलेगी जिससे आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। आज आपके घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है। माता के स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं, लेकिन जल्द ही सब कुछ ठीक हो जायेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है । बच्चों की जरूरत को पूरा करने के लिये आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आपका दोस्त आपको काम करने के लिये कह सकता है, आप उनके काम में सहयोग करेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों को भी साथ में ले जा सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में किसी नये कार्य की शुरुआत हो सकती है। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिये प्रोत्साहन मिल सकता है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनायेंगे। आज आपके घर मेहमान आयेंगे, जिससे आपको दिन भर के शेड्यूल में चेंजेस करने पड़ सकते हैं। माताएं अपने बच्चों को कुछ अच्छा बनाकर खिलाएंगी।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने अनुभव का सही इस्तेमाल करके किसी रुके काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज घर के जरूरी कार्यों को पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग करेंगे। आज आप ऑनलाइन नया बिजनेस शुरू करने का प्लान बनायेंगे। आज आपको धैर्य से काम लेने की जरूरत है।

**कुम्भ राशिः** आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में बड़ी सफलता मिलाने के योग बने हुए है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिल सकता है। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भाई-बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसीकाम में दूसरों की बातों को सर्वोपरि न रखकर अपने आप पर विश्वास करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। इस राशि की जो महिलाएं ऑनलाइन बिजनेस स्टार्ट करना चाहती है।

# बम भोले की बम-बम

**हृदयनारायण दीक्षित**

हम भारत के लोग देवों को भी धरती पर बुलाते रहते हैं। ईश्वर भी धर्म संस्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भारत देवभूमि है। भारतवासी बहुदेव उपासक हैं। जहां-जहां आभा, प्रभा, सुभा और दिव्यता वहां-वहां देवता। शिव देव नहीं महादेव हैं। वे भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। भारत के कुछेक विद्वान रूद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी। वे इसी क्षेत्र को शिव उपासना का मूल केन्द्र बताने की गलती करते हैं। मार्क्सवादी चिन्तक डॉ. रामविलास शर्मा ने भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश (पृष्ठ 679) में लिखा है "वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे। यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।" शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर ने शर शैय्या पर लेटे भीष्म से तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, "शिव गुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। ब्रह्मा, विष्णु और इन्द्र के सृष्टा हैं। वे प्रकृति से परे और पुरूष से विलक्षण हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, "रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत् को व्याप्त किया है।" संप्रति महाशिवरात्रि उत्सवों में भारत सहित एशिया के बड़े भूभाग में बम भोले की बम-बम है। शिव भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। गण देवता गणेश स्वाभाविक ही उनके पुत्र हैं। सत्य आराध्य है। लेकिन शिव सत्य आनंददाता हैं। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव अखिल ब्रह्म की ऊर्जा हैं। इस ऊर्जा प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने बहुत भड़काया- "पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गई। आपका सुंदर हाथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?" शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा "संसार के सारे रूप शिव के ही हैं-विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु।" शिव ही सभी रूपों में प्रकट होकर रूप-रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में जब तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया। शिव बोले "अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः।" मन करता है कि प्रश्न पूछूं शिव से-महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन अपना प्रश्न वापस भी लेता हूं। शिव तप का पुरूस्कार भी तो देते हैं। तप प्रभाव में वे स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं। सुनता आया हूं कि शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चन्द्र हैं। वैदिक ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां-औषधियां उगती हैं, खिलती हैं, खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। सोमवार को शिव आराधन की मुहूर्त जाना गया है। ठीक भी है। हमारे समाज में भी प्रतिष्ठित लोग सप्ताह में एक दिन खुलकर मिलते हैं, बाकी दिन व्यस्त रहते हैं। शिवभक्तों को सोमवार और शिवरात्रि प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। नहीं जानता सच। काशी बहुत जाता हूं लेकिन मंदिर दर्शन बहुत पहले एक बार ही हुआ। मैंने समूची काशी में शिव चैतन्य पाया है। मैं कर्मकाण्डी हूं नहीं। योग, तप से परिचित नहीं लेकिन भारत के मन के साथ मन मिलाते हुए देवों के देव महादेव को नमस्कार करता हूं। शिव सभी कालों में हैं। काल के परे भी हैं लेकिन भारत के मन में वे पार्वती के साथ हैं। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागी। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दायीं आंख में ही काजल लगाया था, वह बाईं आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती-शिव जगत् के माता-पिता हैं। विवाह के बाद सभी देवों ने शुभकामनाएं दीं।" कालिदास जैसे प्रत्यक्षदशः बराती थे-शवि बारात के। उनकी अनुभूति में भारत का मन-दर्पण प्रकट हुआ है। सूरदास भी श्रीकृष्ण की बरात में गाना चाहते थे-सूरदास होई कुटिल बराती गीत सुमंगल गइहौं। अजब अंतर्विरोध, सुमंगल गीत लेकिन कुटिल बराती। हम शिव भक्त कांवड़ियों को दूर से ही देखते आए हैं। हम भी शिवार्चन उत्सवों में कुटिल आस्तिक की तरह दूर से सम्मिलित होते रहे हैं। मन को वात्सल्य रस देने वाली सई नदी हमारे गांव के पास ही शिव सीढ़ी का जलाभिषेक करती है। यहां भवरेश्वर शिव मंदिर में शिवरात्रि और सावन के सोमवारों में लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। लोकमन हर-हर महादेव हो जाता है। भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरा-पूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता। तुलसीदास के रामचरितमानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना, सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है। लेकिन शिव सब जानते थे। वे प्रतिपल यत्र तत्र सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कण्ठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी हैं लेकिन चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। सोम और चन्द्र पर्यायवाची हैं। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दायां नेत्र है और बायां चन्द्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं। सूर्य की अपनी प्रिय राशि सिंह है। चन्द्र की कर्क है। सूर्य इस यात्रा में कर्क से सिंह क्षेत्र में पहुंचते हैं। तब शिवार्चन की शुभ मुहूर्त बनती है। ऐसी संक्रांति सावन मास में पड़ती है। सो शिव को सावन प्रिय है। श्रीकृष्ण को बसंत ऋतु प्रिय है और मार्गशीर्ष-अगहन का मास। लेकिन शिव की बात निराली है। ऋतुराज बसंत में पृथ्वी और वायु का चरम आनंद है। बसंत हहराता है तब क्षिति, जल, पावक और गगन समीर भी मधुरसा हो जाते हैं। शिवरात्रि आती है। वायु सुकुमार लज्जाशील नायिका की तरह बहती है। मनुष्य सुगंध प्रिय है। ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त-मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# कपिल देव ने अभिषेक शर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी की तारीफ की

## लेकिन दी महत्वपूर्ण चेतावनी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारत के पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की धमाकेदार बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की है। नई दिल्ली स्थित कुतुब गोल्फ कोर्स में आयोजित डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैम्पियनशिप 2026 के दौरान मीडिया से बातचीत में कपिल देव ने कहा कि पहली ही गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की क्षमता हर खिलाड़ी में नहीं होती और अभिषेक इस कौशल के साथ अलग पहचान रखते हैं। कपिल ने कहा, "अगर कोई पहली गेंद पर छक्का मार सकता है तो क्यों नहीं? यह असाधारण क्षमता है। यदि वह अगले दो-तीन साल तक इसी तरह प्रदर्शन करता रहा, तो उसे महान खिलाड़ियों की सूची में रखा जाएगा।" हालांकि कपिल देव ने उनकी बल्लेबाजी की प्रशंसा के साथ एक महत्वपूर्ण चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिभा शुरुआत में मदद करती है, लेकिन लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टिकने के लिए निरंतर सुधार जरूरी है। उनके मुताबिक, पहले साल खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के दम पर चलता है, दूसरे साल भी काम चल जाता है, लेकिन तीसरे साल तक गेंदबाज उसकी कमजोरियों को पहचान लेते हैं। ऐसे में खिलाड़ी को अपने खेल में लगातार नई चीजें जोड़नी पड़ती हैं, वरना प्रदर्शन गिर सकता है।अभिषेक शर्मा के आंकड़े भी उनके प्रभाव को साबित करते हैं। 2024 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले अभिषेक अब तक 39 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, जिनमें उन्होंने 1,297 रन बनाए हैं। उनका औसत 36 और स्ट्राइक रेट 136 है। उन्होंने 123 चौके और 88 छक्के लगाकर भारत को तेज शुरुआत देने वाले महत्वपूर्ण बल्लेबाज के रूप में खुद को स्थापित किया है। कपिल देव ने क्रिकेट के साथ अन्य खेलों को प्रोत्साहन देने की भी बात कही। प्रोफेशनल गोल्फ टूर आफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कहा कि क्रिकेट देश में बहुत आगे बढ़ चुका है, लेकिन बाकी खेलों को भी समान समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, "क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है, लेकिन हमें अन्य खेलों की जिम्मेदारी भी खुद उठानी होगी। हर बात के लिए सरकार की ओर देखना सही नहीं है।" कपिल देव के शब्द युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा भी हैं और चेतावनी भी कि निरंतर सुधार ही सफलता की असली कुंजी है।

# टी20 विश्वकप : यूएई के खिलाफ हर हाल में जीत हासिल करने उतरेगी अफगानिस्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**




अफगानिस्तान की टीम सोमवार को ग्रुप डी के अहम मुकाबले में अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ मुकाबले में सुपर ओवर में हार के कारण अब उसे अंतिम आठ के लिए अपनी संभावनएं बरकारार रखने ये मैच हर हाल में जीतना होगा। वहीं यूएई ने पिछले मैच में कनाडा को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड छह और चार अंकों लेकर शीर्ष दो स्थानों पर हैं, ऐसे में यूएई को क्वालीफाई करने इस मैच में जीत हासिल करनी होगी। वहीं अफगानिस्तान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहद करीबी हार के बाद ये मैच जीतना चाहेगी। उसे अंतिम आठ में जगह बनाने अपने बचे हुए मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में बने रहने के लिए अन्य मैचों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। इससे पहले न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था जबकि कनाडा के खिलाफ भी उसे कड़े संघर्ष के बाद जीत मिली थी। कनाडा के खिलाफ यूएई के शीर्ष और मध्य क्रम के बल्लेबाज विफल रहे थे हालांकि सलामी बल्लेबाज आर्यंश शर्मा के 74 रनों से उसे जीत मिली। इसके अलावा शोएब खान ने 51 रन बनाये। यूएई के बल्लेबाजों के लिए अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, मुजीब उर रहमान और मोहम्मद नबी का सामना करना कठिन रहेगा। यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम कहना है कि हमें सातवें से 15वें और 16वें ओवर तक बीच के ओवरों में अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। यूएई की गेंदबाजी इकाई ने कनाडा के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की थी। तेज गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी ने पांच विकेट लिए पर रहमानुल्लाह गुरबाज, गुलबदीन नायब और अजमतुल्लाह उमरजाई जैसे बल्लेबाजों को रोकना उनके लिए आसान नहीं रहेगा। गुरबाज ने पिछले मैच में 42 गेंदों में 84 रन बनाकर बनाकर आक्रामक बल्लेबाजी की थी जो वह अब भी जार रखना चाहेंगे।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**अफगानिस्तानः** राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान (उपकप्तान), दरविश रसूली, मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, शाहिदुल्लाह, अब्दुल्ला अहमदजई, फजलहक फारूकी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, जियाउर रहमान।

**यूएईः** मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, आर्यांश शर्मा, ध्रुव पराशर, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मयंक कुमार, मुहम्मद अरफान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, हैदर शाह, रोहिद खान, सोहैब खान, सिमरनजीत सिंह।

# विराट से दो बल्ले पाकर गदगद नजर आये अफगानिस्तान के बल्लेबाज गुरबाज

**एजेंसी, अहमदाबाद**



भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी से दिल जीतने वाले अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को दो बल्ले उपहार में दिये हैं। वही गुरबाज ने शानदार तोहफा देने के लिए विराट का आभार जताया और कहा भाई आप महान हैं, हर पीढ़ी आपसे प्रेरणा लेती है।" गुरबाज के इस संदेश से साफ है कि वह विराट का बेहद सम्मान करते हैं। यह पहली बार नहीं है जब कोहली ने अपने बेशकीमती बल्लों को साथी खिलाड़ियों को भेंट किया है। वह आम तौर पर अपने बल्लों को उपहार में देते आये हैं। इसे पहले उन्होंने बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के अपने ही साथ खिलाड़ी रजत पाटीदार और रिंकू सिंह को भी उपहार में बल्ले दिये थे। गुरबाज ने इस मैच में धमाकेदार बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया था। इस बल्लेबाज ने जबरदस्त शॉट लगाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बल्लेबाजी के दौरान वह निडर दिखे। इस मैच का परिणाम दो सुपर ओवरों में निकला अफगान टीम को हार जरुर झेलनी पड़ी पर गुरबाज ने दिल जीत लिया।

# ईशान के दादा बोले, वह अपनी पसंद से शीघ्र शादी करेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन शीध्र ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। ईशान के दादा ने ये बात कही है। ईशान के दादा ने कहा कि वह अपनी पसंद से शादी करेगा और पूरा परिवार उसका साथ देगा। दादा की इस बात के साथ ही ईशान की शादी को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेज हो गईं है। .वहीं परिवार ने साफ तौर पर संकेत दिया कि ईशान अपने जीवन से जुड़े किसी भी बड़े फैसले को लेने के लिए आजाद है। उन्होंने यह भी साफ किया कि भविष्य में वह जिससे भी शादी करने का फैसला करेगा, परिवार उसे स्वीकार करेगा। ईशान के बड़े भाई ने भी अपनी पसंद से शादी की थी और परिवार ने उस फैसले का समर्थन किया था। यह परंपरा परिवार में जारी रहेगी, जहां बच्चों की खुशी और पसंद को प्राथमिकता दी जाती है। वहीं अदिति के बारे में पूछे गए सवाल पर दादा ने खुलकर बताया कि वह ईशान की गर्लफ्रेंड है। अदिति जयपुर की रहने वाली और एक मॉडल है। उन्होंने यह भी बताया कि अदिति मिस इंडिया प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही थी। ईशान किशन की बात करें तो वह अभी टी20 विश्व कप खेल रहे हैं। उसने अब तक अच्छा शानदार प्रदर्शन किया है। उसने नामीबिया के खिलाफ केवल 24 गेंदों में शानदार 60 रन बनाए थे।

# एनाबेल सदरलैंड को लगातार दूसरी बार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को प्रतिष्ठित बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान ऑस्ट्रेलिया में किसी महिला क्रिकेटर को दिया जाने वाला सर्वोच्च व्यक्तिगत पुरस्कार है। सदरलैंड ने लगातार दूसरी बार यह अवॉर्ड जीता। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बताया कि सदरलैंड ने 77 वोट हासिल कर यह पुरस्कार अपने नाम किया। उनसे महज तीन वोट पीछे रहीं बेथ मूनी को 74 वोट मिले, जबकि अलाना किंग 56 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष और महिला टीमों के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के कारण इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कार समारोह पारंपरिक प्रारूप में आयोजित नहीं हो सका। सदरलैंड को यह सम्मान एससीजी मेंबर्स लॉन्ग रूम में आयोजित विशेष प्रस्तुति समारोह में प्रदान किया गया। सदरलैंड ने शानदार प्रदर्शन के दम पर वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता, जबकि बेथ मूनी को टी20 अंतरराष्ट्रीय प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। घरेलू प्लेयर ऑफ द ईयर का सम्मान निकोला कैरी को मिला। सदरलैंड लगातार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी हैं, उनसे पहले करेन रोल्टन (2002-03, 2005-06), लिसा स्थलेकर (2007-08), शेली निट्स्के (2009-12) और मेग लैनिंग (2014-15) यह पुरस्कार जीत चुकी हैं। पुरस्कार मिलने पर सदरलैंड ने कहा कि महान खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम जुड़ना बेहद खास है। इस समय यह अनुभव बेहद शानदार और थोड़ा अविश्वसनीय भी लग रहा है। सदरलैंड ने कहा कि मैं बेलिंडा क्लार्क से यह अवॉर्ड पाकर बहुत आभारी हूं। यह जानकर भी बहुत अच्छा लग रहा है कि पिछले 12 महीनों में टीम की सफलता में मेरा योगदान रहा है। पिछले एक साल के दौरान सदरलैंड ने सभी प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 15.63 की औसत से 27 विकेट झटके और 41.66 की औसत से 250 रन बनाए, जो उनके हरफनमौला कौशल को दर्शाता है।


## व्यापार

# फास्टटैग यूजर्स अलर्ट : टोल प्लाजा पर एक गलत स्कैन से खाली हो जाएगा बैंक खाता, एनएचएआई ने जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली**। देशभर में फास्टैग (स्न्रस्ञ्जड्डद्द) का इस्तेमाल करने वाले करोड़ों वाहन मालिकों पर इन दिनों साइबर ठगों की पैनी नजर है। डिजिटल टोल भुगतान की बढ़ती लोकप्रियता का फायदा उठाते हुए अपराधी फर्जी वेबसाइटों और नकली क्यूआर (क्तक्र) कोड के जरिए लोगों की गाढ़ी कमाई उड़ा रहे हैं। इस बढ़ते खतरे को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्र॥्रढ्ढ) ने सभी वाहन चालकों को अलर्ट करते हुए केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म का ही इस्तेमाल करने की सख्त हिदायत दी है।

**इस तरह काम करता है ठगी का यह नया नेक्सस-** साइबर अपराधी वाहन चालकों को फंसाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। लोगों के मोबाइल पर अचानक फास्टैग का बैलेंस कम होने, अकाउंट ब्लॉक होने, केवाईसी (द्मङ्घष्ट) अपडेट करने या सस्ते वार्षिक पास का लालच देने वाले फर्जी एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज भेजे जाते हैं। इन मैसेजों में तुरंत रिचार्ज करने के लिए एक लिंक या क्यूआर कोड दिया जाता है। जब कोई यूजर इस लिंक पर क्लिक करता है, तो उसे हूबहू असली सरकारी पोर्टल जैसी दिखने वाली एक नकली वेबसाइट पर भेज दिया जाता है। वहां फास्टैग आईडी, वाहन नंबर, मोबाइल नंबर और ओटीपी (ह्ह्ररुक्क) जैसी संवेदनशील जानकारियां मांगकर ठग चंद सेकंड में बैंक खाते से पैसे उड़ा लेते हैं।

**टोल प्लाजा के साइनबोर्ड्स पर भी चिपकाए जा रहे हैं फर्जी क्यूआर कोड-** हैरानी की बात यह है कि अपराधी अब सीधे टोल प्लाजा को भी निशाना बना रहे हैं। कई मामलों में टोल प्लाजा के साइनबोर्ड पर फर्जी क्यूआर कोड के स्टिकर चिपका दिए जाते हैं और जल्दबाजी में ड्राइवर इन्हें असली समझकर स्कैन कर लेते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जनवरी 2026 में दिल्ली के एक सेल्स प्रोफेशनल के साथ ठीक ऐसा ही हुआ। उन्होंने टोल प्लाजा के पास लगे एक क्यूआर कोड को स्कैन किया और कुछ ही मिनटों में उनके खाते से 5,000 रुपये कट गए। साल 2025 के अंत से इस तरह के मामलों में




काफी तेजी देखने को मिली है, जिसमें पैसों के नुकसान के साथ-साथ फास्टैग अकाउंट के दुरुपयोग का भी बड़ा खतरा रहता है।

**फर्जीवाड़े से बचने के लिए इन बातों का रखें खास ध्यान-** इस तरह की धोखाधड़ी से बचने का सबसे कारगर तरीका सतर्कता है। फास्टैग रिचार्ज करने के लिए हमेशा आधिकारिक बैंक ऐप, सरकारी पोर्टल या किसी भरोसेमंद मोबाइल ऐप का ही इस्तेमाल करें। किसी भी अनजान वेबसाइट का पता यानी यूआरएल (क्रु) हमेशा ध्यान से जांच लें, क्योंकि नकली वेबसाइटों के डोमेन नेम में अक्सर मामूली सा बदलाव होता है। इसके अलावा सार्वजनिक जगहों या किसी अनजान मैसेज से मिले क्यूआर कोड को स्कैन करने की गलती बिल्कुल न करें। अपना ओटीपी, पिन या बैंक डिटेल्स किसी के साथ साझा न करें, क्योंकि कोई भी आधिकारिक एजेंसी कभी भी मैसेज या कॉल पर ये जानकारियां नहीं मांगती है। सुरक्षित लेनदेन के लिए अपने बैंक के एसएमएस और ईमेल अलर्ट हमेशा चालू रखें।

**ठगी का शिकार होने पर तुरंत उठाएं ये कदम-** तमाम सावधानियों के बावजूद अगर आपको लगता है कि आप साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं, तो तुरंत अपने बैंक से संपर्क करें और अपना फास्टैग वॉलेट या बैंक अकाउंट ब्लॉक करवा दें। इसके साथ ही बिना देरी किए राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं और स्थानीय पुलिस को भी मामले की सूचना दें। किसी भी तरह की तत्काल मदद या फास्टैग से जुड़ी परेशानी के लिए आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर 1033 पर भी तुरंत संपर्क किया जा सकता है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का मार्केट कैप तीन लाख करोड़ से अधिक घटा

## शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही



**मुंबई**। बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत बढ़ गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 90,198.92 करोड़ रुपये घटकर 9,74,043.43 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 70,780.23 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,55,287.72 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 54,627.71 करोड़ रुपये घटकर 13,93,621.92 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 41,883 करोड़ रुपये घटकर 19,21,475.79 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 23,971.74 करोड़ रुपये घटकर 5,46,226.80 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का मूल्यांकन 19,244.61 करोड़ रुपये घटकर 11,43,044.03 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के विपरीत एसबीआई का मूल्यांकन 1,22,213.38 करोड़ रुपये बढ़कर 11,06,566.44 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 26,414.44 करोड़ रुपये बढ़कर 6,37,244.64 करोड़ रुपये हो गई। लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 14,483.9 करोड़ रुपये बढ़कर 5,74,028.93 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 5,719.95 करोड़ रुपये बढ़कर 10,11,978.77 करोड़ रुपये हो गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस और एलआईसी का स्थान रहा।

# भारत में तेजी से बढ़ रहा डिजिटल लेनदेन, डिजिटल पेमेंट इंडेक्स पहली बार 500 के पार




**मुंबई** । भारत में डिजिटल लेनदेन में तेजी से इजाफा हो रहा है, इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का डिजिटल पेमेंट इंडेक्स (डीपीआई) बढ़कर पहली बार 500 के पार 516.76 (सितंबर 2025 तक) पर पहुंच गया है, जो कि मार्च 2025 में 493.22 था। केंद्रीय बैंक ने कहा कि आरबीआई-डीपीआई में वृद्धि का मुख्य कारण देश भर में भुगतान प्रदर्शन और भुगतान सहायक कारकों जैसे मापदंडों में मजबूत वृद्धि थी। आरबीआई 1 जनवरी, 2021 से डिजिटल पेमेंट इंडेक्स प्रकाशित कर रहा है, जिसमें मार्च 2018 को आधार वर्ष माना गया है जिससे देश भर में भुगतान के डिजिटलीकरण की सीमा का आकलन किया जा सके। मार्च 2018 की आधार अवधि को 100 अंक दिए गए थे। एक वर्ष बाद मार्च 2019 में यह सूचकांक बढ़कर 153.47 हो गया। 2021 से यह सूचकांक हर छह महीने में प्रकाशित किया जाता है और पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि देखी गई है। आरबीआई-डीपीआई में वृद्धि का मुख्य कारण देश भर में भुगतान प्रदर्शन और भुगतान सहायक कारकों जैसे मापदंडों में मजबूत वृद्धि है। डिजिटल पेमेंट इंडेक्स में पांच व्यापक मापदंड शामिल हैं जो देश में समय के साथ डिजिटल भुगतान के विस्तार और प्रसार को मापते हैं। इन मापदंडों में भुगतान को सुगम बनाने वाले कारक का भार 25 प्रतिशत है, जबकि मांग पक्ष के भुगतान अवसंरचना वाले कारक का भार 10 प्रतिशत, आपूर्ति पक्ष के भुगतान अवसंरचना वाले कारक का भार 10 प्रतिशत,भुगतान प्रर्दशन का भार सबसे अधिक 45 और उपभोक्ता केंद्रितता का भार सबसे कम 5 प्रतिशत है। प्रत्येक मापदंड में उप-मापदंड भी शामिल हैं, जिनमें विभिन्न मापने योग्य संकेतक शामिल हैं। देश में डिजिटल भुगतान के उपयोग को बढ़ावा देने में यूपीआई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को लेनदेन की मात्रा के आधार पर दुनिया की सबसे बड़ी खुदरा त्वरित भुगतान प्रणाली के रूप में मान्यता दी है। यह जानकारी आईएमएफ की जून 2025 की रिपोर्ट 'ग्रोइंग रिटेल डिजिटल पेमेंट्स (द वैल्यू ऑफ इंटरऑपरेबिलिटी)' में दी गई थी।

# मोटोरोला के इस धांसू 5जी फोन पर बंपर छूट, 24 जीबी तक रैम और 50एमपी कैमरे वाला फोन मिल रहा 12,500 रुपये से भी कम में




**नई दिल्ली** । अगर आप एक नया और दमदार 5त्र स्मार्टफोन खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो मोटोरोला आपके लिए एक बेहतरीन मौका लेकर आया है। कंपनी के शानदार स्मार्टफोन रूशह्लशह्मशद्यड्ड त्र35 5त्र पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन भारी डिस्काउंट दे रहा है। रैम बूस्ट फीचर के जरिए 24त्रक्च तक की रैम सपोर्ट करने वाले इस फोन को आप इस धांसू डील के तहत बेहद किफायती कीमत पर अपना बना सकते हैं।

**बंपर डिस्काउंट और शानदार एक्सचेंज ऑफर्स-** अमेजन इंडिया की इस खास डील में 8त्रक्च रैम और 128त्रक्च इंटरनल स्टोरेज वाले मोटोरोला के इस फोन की असल कीमत 13,225 रुपये लिस्ट की गई है। लेकिन, फोन की खरीदारी पर ग्राहकों को 1,000 रुपये तक का बैंक डिस्काउंट ऑफर किया जा रहा है। इस भारी छूट के बाद आप इस डिवाइस को 12,500 रुपये से भी कम कीमत में आसानी से खरीद सकते हैं। इसके अलावा, फोन की खरीद पर 661 रुपये तक का कैशबैक भी उपलब्ध है। अगर आप अपना पुराना फोन बदलना चाहते हैं, तो आप एक्सचेंज बोनस का लाभ भी उठा सकते हैं, जिसकी कीमत पूरी तरह से आपके पुराने फोन की कंडीशन, ब्रांड और कंपनी की एक्सचेंज पॉलिसी पर निर्भर करेगी।

**दमदार डिस्प्ले और पावरफुल प्रोसेसर-** फीचर्स और स्पेसिफिकेशन्स की बात करें तो मोटोरोला त्र35 5त्र में 6.72 इंच का फुल एचडी+ एलसीडी (रुष्टष्ठ) डिस्प्ले दिया गया है, जो 2400 & 1080 पिक्सल रेजॉलूशन के साथ आता है। स्मूथ विजुअल अनुभव के लिए यह 120॥5 के रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करता है और तेज धूप में भी अच्छी विजिबिलिटी के लिए इसकी पीक ब्राइटनेस 1000 निट्स रखी गई है। स्क्रीन की सुरक्षा के लिए इसमें गोरिल्ला ग्लास 3 का प्रोटेक्शन दिया गया है। बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए फोन में कंपनी ने ठ्ठद्बद्गह्यशष् ञ्ज760 प्रोसेसर का इस्तेमाल किया है। यह डिवाइस बेस 4त्रक्च रैम और 128त्रक्च के स्नस् 2.2 स्टोरेज से लैस है। इसका खास रैम बूस्ट फीचर इसकी रैम को 24त्रक्च तक बढ़ा देता है, जिससे मल्टीटास्किंग और भी आसान हो जाती है।

# वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा




**मुंबई**। भारतीय शेयर बाजार ने पिछले सप्ताह आईटी कंपनियों में दबाव के कारण गिरावट का सामना किया। सप्ताह की शुरुआत में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन शुक्रवार को बाजार में भारी गिरावट ने निवेशकों के पोर्टफोलियो पर लाल निशान छोड़ दिए। विशेषज्ञों के अनुसार यह सप्ताह किसी रोलर-कोस्टर राइड से कम नहीं था। निवेशक अब आने वाले सप्ताह की ओर अपनी नजरें लगाए हुए हैं, क्योंकि बाजार में स्थिरता की उम्मीद फिलहाल नहीं है। इस सप्ताह में निवेशक मुख्य रूप से वैश्विक संकेतों पर ध्यान देंगे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मिनट्स जारी होने वाले हैं, जो ब्याज दरों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था की स्थिति का स्पष्ट संकेत देंगे। इसके अलावा सोने और चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव भी भारतीय बाजार की धारणा को प्रभावित कर सकता है। निवेशक इन संकेतों के आधार पर अपने निवेश निर्णयों को संशोधित कर सकते हैं। घरेलू स्तर पर इस सप्ताह आयात-निर्यात के आंकड़े जारी होंगे। ये आंकड़े बाजार की धारणा को सीधे प्रभावित कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशक इन आंकड़ों और वैश्विक संकेतों का विश्लेषण करके अपनी रणनीति तय करेंगे। इसके अलावा बैंकिंग, मेटल और आईटी सेक्टर पर भी इन आंकड़ों का असर देखा जा सकता है।

# मधुर भंडारकर की द वाइव्स में महक बनेंगी मौनी रॉय, अभिनेत्री ने पूरी की शूटिंग




अभिनेत्री मौनी रॉय निर्देशक मधुर भंडारकर की आगामी फिल्म द वाइव्स में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग हाल ही में पूरी हो गई है। मौनी रॉय ने इंस्टाग्राम के जरिए इस बात की जानकारी दी। फिल्म में मौनी रॉय महक नाम का किरदार निभा रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है और निर्देशक मधुर भंडारकर के साथ काम करना उनकी बकेट लिस्ट का एक अहम हिस्सा था। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। इसमें मौनी के साथ-साथ फिल्म के बाकी कलाकार और मधुर भंडारकर भी नजर आ रहे हैं। मौनी ने लिखा, शानदार फिल्म द वाइव्स की मैंने शूटिंग पूरी कर ली है। यह मेरी जिंदगी की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक बनने वाली है। मधुर भंडारकर सर का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे यह किरदार दिया। आपके साथ काम करना मेरी बकेट लिस्ट का अहम हिस्सा था। इसी के साथ ही मौनी ने अपने सह-कलाकारों की भी तारीफ की। उन्होंने लिखा, मेरे शानदार को-स्टार्स का भी शुक्रिया, जो बहुत दयालु, प्यारे और सहयोगी रहे। फिल्म जल्द ही आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर आगामी फिल्म द वाइव्स के जरिए सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को पर्दे पर लेकर आ रहे हैं। फिल्म में बॉलीवुड की महिलाओं के ग्लैमर के पीछे छिपी जिंदगी से जुड़ी कहानी को दिखाया जाएगा। इसमें मौनी के अलावा,




सोनाली कुलकर्णी, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। इसके अलावा, फिल्म में अन्य कलाकार भी नजर आएंगे, लेकिन अभी उनके बारे में जानकारी सामने नहीं आई है। मेकर्स ने रिलीज की तारीख अनाउंस नहीं की है। इसके अलावा, मौनी आगामी क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज अब होगा हिसाब में नजर आएंगी। इस सीरीज में मौनी रॉय, शाहीर शेख और निमृत कौर अहलूवालिया भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। हालांकि, मेकर्स ने सीरीज के रिलीज डेट की घोषणा अभी तक नहीं की।

## श्री विष्णु की खोजी थ्रिलर फिल्म मृथ्युंजय की रिलीज डेट से उठा पर्दा, 27 फरवरी को विश्व स्तर पर होगी रिलीज




मनोरंजन जगत के बादशाह श्री विष्णु, जो विविध प्रकार की पटकथाओं के चयन के लिए जाने जाते हैं, वर्तमान में हुसैन शाह किरण द्वारा निर्देशित एक जासूसी थ्रिलर फिल्म मृत्युंजय पर काम कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण संदीप गुणम और विनय चिलाकापति ने लाइटबॉक्स मीडिया और पिक्चर परफेक्ट एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया है। फिल्म का प्रस्तुतीकरण राम्या गुणम कर रही हैं। ब्लॉकबस्टर फिल्म समाजावरगमना के बाद, रीबा जॉन इस फिल्म में श्री विष्णु के साथ मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म निर्माताओं ने एक आकर्षक पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख की घोषणा की। मृथ्युंजय 27 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। पोस्टर में श्री विष्णु अखबारों से भरी सड़क पर खड़े नजर आ रहे हैं। इस दिलचस्प दृश्य ने फिल्म के प्रति उत्सुकता बढ़ा दी है। उचित प्रचार और रोमांचक कहानी के साथ, मृथ्युंजय दर्शकों को प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। श्री विष्णु शैली की यह थ्रिलर फिल्म एक और मनोरंजक फिल्म साबित होने का वादा करती है। विद्या सागर ने छायांकन किया है, काला भैरव ने संगीत दिया है, श्रीकर प्रसाद संपादन के प्रभारी हैं और मनीषा ए. दत्त प्रोडक्शन डिजाइन की देखरेख कर रही हैं।

## नागबंधम से ऋषभ साहनी का खतरनाक लुक, अब्दाली बनकर मचाएंगे तबाही

अभिषेक नामा की मोस्ट अवेटेड माइथोलॉजिकल एक्शन ड्रामा नागबंधम, जिसमें वीरत कर्णा लीड रोल में नजर आएंगे, इस समर ग्रैंड पैन-इंडिया रिलीज़ के लिए तैयार है। 15 तारीख को महाशिवरात्रि के शुभ मौके पर फिल्म का टीज़र रिलीज़ होने वाला है, जिससे पहले मेकर्स ने इस एपिक कहानी के एक अहम किरदार का फर्स्ट लुक भी सामने ला दिया है, जिसने एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। फाइटर में अपने दमदार अंदाज़ से पहचान बना चुके ऋषभ साहनी ने नागबंधम में भी ज़बरदस्त असर छोड़ा है। फिल्म में वह कुख्यात अफगान सुल्तान अब्दाली के रोल में नजर आएंगे। 1750 के दौर पर बनी यह कहानी भारत में अब्दाली के हमलों को दिखाती है, जहां मंदिरों की लूट, दौलत की भूख और उसकी बेरहम फितरत को सामने रखा गया है। फर्स्ट-लुक पोस्टर एक जबरदस्त और डरावने माहौल को दिखाता है, जहां बर्फ से ढका जंग का मैदान तूफानी हवाओं से घिरा है। ऋषभ मिड-चार्ज में नजर आते हैं, हाथ में खून से सना विशाल बैटल एक्स लिए हुए, आंखों में खौफ और जुनून साफ झलकता है। उनके पीछे विशाल सेना आगे बढ़ती दिखती है, ठंडी हवाओं में लहराते हरे जंगी झंडे, तीरंदाज, योद्धा और विशाल युद्ध हाथी इस हाई-वोल्टेज वॉर कैनवास को और भव्य बना देते हैं। खतरे का एहसास और बढ़ाने के लिए चारों ओर चमकती आंखों वाले भेड़ियों का झुंड नजर आता है, जो ताकत, तबाही और आने वाले विनाश का माहौल रच देता है। नागबंधम में अब्दाली को एक ऐसे शख्स के तौर पर दिखाया गया है, जो अपनी महत्वाकांक्षा और क्रूरता में अंधा हो चुका है। हिमालय में छिपे रहस्यमयी नाग बंधम को पाने के लिए वह चाहे ब्राह्मण हों या बच्चे किसी की जान की परवाह नहीं करता। यह किरदार इतिहास के एक बेहद काले और डरावने दौर की याद दिलाता है, जहां अब्दाली की बेरहमी और निर्दयता उसकी सबसे बड़ी पहचान बनकर सामने आती है। डायरेक्टर अभिषेक नामा ने ऋषभ की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की है। उनके मुताबिक, ऋषभ का अभिनय इतना असरदार है कि ऐसा लगता है जैसे इतिहास का किरदार अब्दाली स्क्रीन पर सच में जिंदा हो उठा हो। उन्होंने कहा, ऋषभ ने इस जटिल किरदार में पूरी तरह खुद को ढाल लिया है और इसमें गहराई और तीव्रता भर दी है। ऋषभ ने कहा, अब्दाली जैसे चुनौतीपूर्ण किरदार को निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मेरी कोशिश रही कि इस ऐतिहासिक चरित्र की जटिलताओं और उसके इरादों को सही तरीके से सामने लाया जाए, साथ ही कहानी की आत्मा से भी जुड़ा रहा जाए। फिल्म में नाभा नतेश और ऐश्वर्या मेनन फीमेल लीड रोल में नजर आएंगी, जबकि जगपति बाबू, जयप्रकाश, मुरली शर्मा और बीएस अविनाश जैसे अनुभवी कलाकार अहम किरदारों में कहानी को मजबूती देते दिखाई देंगे। कैमरे के पीछे साउंडर राजन एस की शानदार सिनेमैटोग्राफी, आरसी प्रणव की एडिटिंग और अशोक कुमार के भव्य प्रोडक्शन डिजाइन के साथ नागबंधम बड़े पर्दे पर एक दमदार और विजुअली शानदार अनुभव देने का वादा करती है।




## पति पत्नी और वो दो की रिलीज तारीख आई, तीन-तीन हीरोइनों संग इश्क फरमाएंगे आयुष्मान खुराना






साल 2019 में एक फिल्म आई थी पति पत्नी और वो, जो उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी। इसके गाने भी हिट थे। फिल्म में पति कार्तिक आर्यन बने थे, उनकी पत्नी भूमि पेडनेकर बनी थीं और वो का किरदार अनन्या पांडे ने निभाया था। अब इसी फिल्म का सीक्वल आ रहा है, जिसका नाम है पति पत्नी और वो दो। इस फिल्म के हीरो आयुष्मान खुराना हैं और अब इसकी रिलीज तारीख सामने आ गई है। जाने-माने फिल्म समीक्षक और ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर फिल्म का नया पोस्टर साझा कर इसकी रिलीज तारीख का ऐलान किया है। इसी के साथ ये भी पता चला है कि इस बार फिल्म में दो नहीं, बल्कि तीन-तीन अभिनेत्रियां होंगी। एक हैं सारा अली खान, दूसरी हैं रकुल प्रीत सिंह और तीसरी हैं वामिका गब्बी। इन तीनों हीरोइनों के साथ आयुष्मान रोमांस करते दिखेंगे, जबकि पति पत्नी और वो में कार्तिक के साथ दो अभिनेत्रियां थीं। फिल्म अगले साल 4 मार्च, 2026 में यानी होली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस पोस्ट ने जहां आयुष्मान के प्रशंसकों का उत्साह दोगुना कर दिया है, वहीं कार्तिक के प्रशंसकों को फिल्म में उनकी कमी खल रही है। एक यूजर ने लिखा, इस बार तो धमाका हो जाएगा। कुछ ने फिल्म पहले ही हिट बता दी है। उधर एक ने लिखा, बेकार कर दी फिल्म, कार्तिक होना चाहिए था। बता दें कि ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने आज एक ट्वीट करके यह जानकारी दी है। इसके मुताबिक फिल्म पति पत्नी और वो दो अब 15 मई 2026 को रिलीज होगी। पति पत्नी और वो में आयुष्मान, प्रजापति पांडे का किरदार निभाने वाले हैं। ये पहला मौका होगा, जब आयुष्मान, सारा, रकुल और वामिका साथ पर्दे पर नजर आएंगे। फिल्म के नाम से ही आप अंदाजा लगा सकते हैं कि ये किस तरह की फिल्म होने वाली है। ये एक रोमांटिक, कॉमेडी और ड्रामा पर आधारित फिल्म होगी। टी-सीरीज के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण हो रहा है, वहीं मुदस्सर अजीज ने एक बार फिर निर्देशन की कमान संभाली है। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे लीड रोल में नजर आए थे। इनके अलावा फिल्म में कृति सैनन का कैमियो था और राजपाल यादव, अपारशक्ति खुराना, सनी सिंह और दीया मिर्जा जैसे कलाकारों ने भी काम किया था। कमाई की बात करें तो इस फिल्म का बजट 40 करोड़ रुपये था, जबकि इसने दुनियाभर में 109 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

## एसएस राजामौली ने वाराणसी की रिलीज तारीख पर लगाई मुहर, जारी हुआ नया पोस्टर

प्रियंका चोपड़ा और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित फिल्म वाराणसी की रिलीज तारीख पर एसएस राजामौली ने आखिरकार अपनी मुहर लगा दी है। कथित 1300 करोड़ के बजट वाली यह फिल्म रिलीज की तारीख को लेकर खूब चर्चा बटोर रही थी। हाल ही में, राजामौली ने वाराणसी शहर में, जिसके नाम पर शीर्षक है, फिल्म के होर्डिंग्स भी लगवाए जिसके बाद चर्चाओं ने और जोर पकड़ लिया। अब फिल्म के नए पोस्टर के साथ रिलीज तारीख से पर्दा उठाया गया है। निर्माताओं ने एक्स पर वाराणसी का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में आसमान से धरती पर उल्का पिंडों को गिरते हुए दिखाया गया है जिससे ज्वालामुखी जैसी आग की लपटें निकल रही हैं। पोस्टर के साथ बताया गया है कि फिल्म 7 अप्रैल, 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के आधिकारिक शीर्षक का अनावरण नवंबर, 2025 को हैदराबाद में आयोजित ग्लोबट्रॉटर कार्यक्रम में किया गया था। फिल्म में महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इसके साथ ही पृथ्वीराज सुकुमारन और प्रकाश राज भी कहानी के अहम किरदार रहने वाले हैं। फिल्म की कहानी एक शिव भक्त की है जो एक रहस्यमयी मशन पर निकलता है और रास्ते में लगातार उसे क्लू मिलते हैं। लेकिन जैसे ही वो इस खोज के पड़ाव पार करता है तो पाता है कि इस मिशन के लिए उसे शैतान ने लगाया है और वह पूरी दुनिया पर राज करना चाहता है। हालांकि अभी तक फिल्म की कहानी पूरी तरह से सामने नहीं आई है। फिल्म के पोस्टर रिलीज हो चुके हैं जिसमें महेश बाबूब का एक लुक सामने आया था। जिसमें वे शिव की सवारी नंदी पर बैठे हैं और हाथ में त्रिशूल लिए हैं। साथ ही उनके चेहरे पर जोरदार गुस्सा भी देखने को मिल रहा है। साथ ही प्रियंका चोपड़ा भी एक दमदार किरदार में नजर आने वाली हैं औनके किरदार का नाम मंदाकिनी है। बीते दिनों प्रियंका ने इसका एक लुक भी शेयर किया था जिसमें वे साड़ी पहने हाथों में बंदूक लिए दिख रही हैं। प्रियंका के इस अंदाज को देख फैन्स और भी उत्साहित हो गए हैं। लंबे समय बाद प्रियंका हॉलीवुड से भारतीय फिल्म में नजर आने वाली हैं। बता दें कि डायरेक्टर राजामौली अपनी ग्रांड फिल्मों और भव्य वीएफएक्स के लिए जानी जाती हैं। वाराणसी फिल्म का भी बजट 1300 करोड़ रुपयों से ज्यादा का है। बीते दिनों प्रियंका चोपड़ा ने भी इसकी पुष्टि की थी। कपिल शर्मा के शो में पहुंची प्रियंका ने कहा था कि वे लंबे समय बाद किसी भारतीय फिल्म में लौटी हैं और उनका किरदार कमाल का रहने वाला है। फैन्स भी इस फिल्म को लेकर उत्साहित हैं और ये फिल्म 7 अप्रैल 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।




## धुरंधर से सफलता के शिखर पर पहुंचे रणवीर सिंह, अब सबसे महंगी फिल्म प्रलय से मचाएंगे तहलका



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म धुरंधर 2 में व्यस्त चल रहे हैं। दिसंबर, 2025 में आई धुरंधर की जबरदस्त सफलता के बाद सीक्वल को लेकर लोगों की उम्मीदें आसमान छू रही हैं। 19 मार्च को रिलीज हो रही इस फिल्म के लिए लोगों का क्रेज सोशल मीडिया पर देखने लायक है। इस बीच, रणवीर की एक और फिल्म अपने बजट को लेकर लोगों का ध्यान खींच रही है जिसका नाम प्रलय है। के मुताबिक, रणवीर अपनी अगली फिल्म प्रलय के लिए तैयार हो रहे हैं, जो एक हाई कॉन्सेप्ट जॉम्बी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन जय मेहता कर रहे हैं। यह रणवीर की अब तक की सबसे महंगी फिल्म होगी, जिसका बजट कथित तौर पर 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। पिंकविला से बातचीत में सूत्र ने बताया, रणवीर ने एक बैकएंड प्रॉफिट शेयरिंग डील की है और स्क्रिप्ट डेवलपमेंट से लेकर वीएफएक्स योजना तक हर चरण में शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रलय की शूटिंग 2026 के मध्य में शुरू होने की उम्मीद है। धुरंधर की अपार सफलता के बाद फिल्म का बजट दर्शाता है कि निवेशक अभिनेता के नाम पर बड़ा निवेश करने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि इससे निश्चित रूप से मुनाफा होगा। अटकलें यह भी हैं कि इस फिल्म में रणवीर के साथ लोका चैप्टर 1: चंद्र में काम कर चुकीं कल्याणी प्रियदर्शन नजर आ सकती हैं। हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

## प्रियंका चोपड़ा होंगी फिल्म बॉन्ड 26 का हिस्सा? अभिनेत्री के बयान से मिला संकेत



देसी गर्ल के नाम से मशहूर प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड की अगली बॉन्ड गर्ल हो सकती हैं। सोशल मीडिया पर लग रहीं इन अटकलों ने फैंस के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है और लोग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इन कयासों का दौर तब शुरू हुआ, जब एक बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने फिल्म बॉन्ड 26 पर बात की। उनकी गोलमोल बातों से चर्चा शुरू हो गई है कि वह अपने नए हॉलीवुड प्रोजेक्ट के लिए कमर कस रही हैं। प्रियंका ने जेम्स बॉन्ड की अगली फिल्म में अपने किरदार को लेकर संकेत दिया। जब उनसे उनके नए प्रोजेक्ट्स के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, अब यह सचमुच वैश्विक स्तर पर हो सकता है, हां, मालिक बदल रहे हैं। उन्होंने बातों ही बातों में आगामी बॉन्ड 26 फिल्म में अपनी भूमिका की उम्मीद जताई है। उधर प्रियंका के बयान ने फैंस को खुश होने और उन्हें अटकलें लगाने का मौका दे दिया। एक यूजर ने लिखा, प्रियंका डेनिस विलेन्यूव के निर्देशन में फिल्म करेंगी। दूसरे यूजर ने लिखा, प्रियंका को अगली बॉन्ड गर्ल के रूप में देखा जा रहा है??? हे भगवान! वहीं कुछ लोग अभिनेत्री को एडवांस दे रहे हैं, लेकिन पुष्टि तो निर्माताओं के आधिकारिक बयान के बाद ही हो सकेगी। बता दें, बॉन्ड 26 साल 2028 में सिनेमाघरों का रुख कर सकती है। इसे नो टाइम टू डाई (2021) के रीबूट के तौर पर देखा जा रहा है।

# Cabinet OKs India's 1st underwater road-cum-rail tunnel in Assam

**New Delhi, Agency:** The Union Cabinet has approved infrastructure projects worth over Rs 31,000 crore, including construction of the country's first road-cum-rail tunnel under the Brahmaputra in Assam. The twin-tube common tunnel with approach roads for movement of vehicles and trains, only the second in the world, would cost Rs 18,662 crore.It will connect Gohpur and Numaligarh in Assam and will cut travel time from about 6 hours to just 20 minutes. The project, to be fully funded by govt, will not just reduce the travel distance from 240 km to roughly 34 km improving connectivity but also has strategic significance, I&B minister Ashwini Vaishnaw said while announcing the Cabinet decision. This four-lane tunnel will ensure high-speed connectivity to Arunachal and provide "strategic resilience" for defence purposes. The minister said the twin tubes would be interconnected at intervals of 500 metres.




Officials said the tunnel would be built around 32 metres beneath the Brahmaputra's lowest bed level. One of the tubes will have provision for a single rail track and no vehicular movement will be allowed when trains run through this tube.

PM Modi called the Brahmaputra tunnel project as a "landmark boost to connectivity in the northeast".

In a post on X, he said, "...This transformative project will enhance connectivity, reduce logistics costs and accelerate growth across Assam and the entire Northeast."

Media has learnt that originally govt had included the connectivity between Gohpur and Numaligarh as a part of the Special Accelerated Road Development Programme for North East in 2008 by constructing a bridge. But later a proposal was mooted to build a road tunnel beneath the Brahmaputra. Later, it was modified to have a common tunnel for both vehicles and trains. A similar 22-km road-cumrail tunnel passing through Chicken Neck corridor in the northeast is also in planning stage. Besides the tunnel, Cabinet approved three NH projects with a combined cost of over Rs 11,000 crore - a 107.7-km fourlane highway in Gujarat, a 154.6-km highway stretch in Maharashtra and an 80-km corridor of NH-167 in Telangana.

# Absconders can't get anticipatory bail: SC

**New Delhi, Agency:** The SC has directed all high courts not to grant anticipatory bail to accused persons who abscond and later, after their co-accused are acquitted on completion of trial, approach constitutional courts seeking protection from arrest.



A bench of Justices J B Pardiwala and Vijay Bishnoi set aside the Madhya Pradesh HC order that granted anticipatory bail to the absconding accused, directed him to surrender and apply for regular bail. It frowned upon the HC's direction to the trial court to grant bail on the day the accused moves the bail plea.

Justice Bishnoi, who wrote the judgment, said, "An absconder is not entitled to the relief of anticipatory bail as a general rule, however, in certain exceptional cases, where on a perusal of the FIR, case diary and other relevant materials on record, the court is of the prima facie opinion that no case is made out against the absconding accused, then the power of granting anticipatory bail may be exercised."

The court noted that the accused was part of a mob who had not only fled but also threatened to kill an injured person for opposing his bail plea. The bench said the acquittal of the co-accused thus could not be grounds to grant him anticipatory bail as he had failed to cooperate with probe and delayed the trial.

# Generative AI ups demand for skilled workers: Study

**New Delhi, Agency:** The introduction of generative AI has resulted in moderation in hiring at the entry level, increased demand for skilled mid-level workers, and provided "considerable stability" at senior level, an ICRIER study has said.




"Researchers note this moderation aligns with broader post-pandemic trends in the IT industry and cannot be attributed to AI adoption alone. Roles commonly perceived as most exposed to AI, such as software developers and database administrators, are also among those experiencing the strongest growth in demand, indicating that generative AI is primarily functioning as a productivity-enhancing complement to technical and analytical work, rather than a substitute," said the report, which was backed by OpenAI and based on a survey of over 650 firms.

Roles such as statisticians and mathematicians, application developers and database designers and administrators were among the most exposed - and had the highest demand - while HR, legal and finance professionals were least. The most impacted roles and skills include data entry and clerical work, followed by manual testing, manual quality assurance, and entry level programming.

Among business functions in IT companies, software development and engineering, followed by IT infra and cloud services and project management were seen to be the most affected, the survey showed. The report said AI adoption is reshaping hiring priorities toward hybrid skills profiles combining domain expertise and AI and data-related technical skills, instead of narrow specialisation.

# Drama artiste: Piyush Goyal on Rahul Gandhi 'anti-farmer' jibe

**New Delhi, Agency:** Political slugfest around the recently announced India-US trade deal escalated further with Commerce and Industry Minister Piyush Goyal calling Leader of Opposition in the Lok Sabha Rahul Gandhi a "drama artiste perpetrating lies" after the Congress leader termed it "anti-farmer" and "anti-textile sector".

Attacking the government, Rahul said Bangladesh had managed an advantage, with zero per cent tariff on garment exports to the US with the condition that they imported US cotton, as opposed to Indian garments, which faced 18 per cent US tariffs.

Eighteen per cent tariff vs 0 per cent - Let me explain how the Prime Minister and his Cabinet are spreading confusion on this issue. And how they are cheating India's cotton farmers and textile exporters through the India-US trade deal," Rahul said.

The Congress leader added that in an answer to his query about Bangladesh's advantage, a minister said if India wanted the same concession, it would also need to import US cotton. "Why was this fact hidden from the country till now? And what kind of policy is this? Is this really any kind of choice - or is it a trap designed to push us into a 'well in front, ditch behind' situation?" Rahul said.




Goyal hit back, saying Rahul was trying to sabotage India's growth story with his politics of negativity. Rejecting Rahul's remarks that the trade deal was anti-farmer, Goyal said: "Rahul is fearmongering and misleading farmers and exporters. Both will gain hugely from the deal." The minister said nine free trade agreements, covering 38 developed countries, that India had signed had opened up a Rs 45 lakh crore textile market. "India exports Rs 4 lakh crore worth of textiles today. So you can map the growth and job potential," Goyal said.

The minister said Rahul didn't know that the US production of cotton was very small, and after domestic consumption, US exports of cotton and yarn stood at only $6 billion. "He also doesn't know that Bangladesh imports $2.7 billion cotton from India, which they will have to continue doing because the US does not have any surplus cotton. Hence, with the huge potential for growth in our textile sector, demand for Indian cotton will continuously grow and increase the income of farmers," the minister said.

Goyal said under the earlier Congress government, Foreign Trade Policy and SEZ Act allowed duty-free import of raw material, including cotton, to be used for producing export goods.

"When Rahul attacks zero-duty imports for export, he is attacking his own party policies. What an ignorant Leader of Opposition. No wonder he fails in elections," said Goyal. Rahul, in a statement earlier, said if India imports American cotton, farmers would be ruined.

"If we don't import it, our textile industry will lag and get destroyed. And now, Bangladesh is giving signals that it may reduce or even stop importing cotton from India," he said, adding that the textile sector employs five crore families and the US deal would destroy it.

# 94.5% kids survive after cancer treatment: Study

**NEW DELHI, Agency:** For thousands of families across India, the words "cancer-free" mark relief and new beginnings. But what happens after treatment ends has, until now, remained largely undocumented in the country.On the eve of International Childhood Cancer Day, researchers released findings from India's first large, national childhood cancer survivorship programme, tracking more than 5,400 children who completed treatment across 20 centres, including in Delhi, Mumbai, Chennai, Kolkata and Bengaluru.



Launched in 2016 by Indian Paediatric Haematology Oncology Group, the Indian Childhood Cancer Survivorship study is published in 'The Lancet Regional Health - Southeast Asia'. Lead author Dr Rachna Seth, chief of the oncology division in the department of paediatrics at AIIMS, New Delhi, said the idea was conceptualised in 2014 and became operational by 2016. The analysis includes data from 2016 to 2024.

"For years, the focus was only on acute care - that children should survive," she said. "But now we know many do survive, and they have decades of life ahead of them. What matters next is how they live after treatment."

The early findings are encouraging. The five-year overall survival rate stands at 94.5%, while event-free survival is at 89.9%. Two years after treatment, the survival rate rises to 98.2%. As of Dec 2024, follow-up data was available for 5,140 children, with 92% alive and in remission.

Leukaemia accounted for 41% of cases, making it the most common diagnosis in the cohort. Hodgkin lymphoma, bone tumours and retinoblastoma were also among the leading cancers treated. Nearly all children received chemotherapy, about one in four underwent radiotherapy, nearly one-third required surgery and more than half needed blood transfusions.

Seth said survivors may face long-term medical and psychosocial challenges, including fertility concerns, cardiac dysfunction, cognitive issues, relapse and second cancers. "These late effects need to be systematically captured. Until now, we were largely extrapolating from Western data. India had none," she said.

While the published analysis covers 20 centres, nearly 35 to 36 centres are now contributing data. "This gives us our own baseline," Seth said.

The median follow-up period so far is 3.9 years from diagnosis. About 5.7% experienced relapse and 4.9% died during follow-up.

# US, Russia among 72 nations to take part in fleet review

**New Delhi, Agency:** The Indian Navy is gearing up to mark a defining moment in India's maritime story as Visakhapatnam will host both the International Fleet Review (IFR) and Exercise MILAN from Feb 15 to 25, placing the 'City of Destiny' once again at the heart of India's Indo-Pacific strategy.



"The current edition of IFR and MILAN exercise will be larger in scope and deeper in meaning as navies of 72 countries, including US and Russia, will participate and the mega joint naval events will feature over 60 warships and naval aircraft of three countries," a Navy source told Media. The IFR will position India's eastern seaboard as a focal point for naval diplomacy and multilateral maritime engagement. Warships and assets from Germany, Philippines and the UAE are participating for the first time, including the Philippines' 'BRP Miguel Malvar' (FFG-06) and a UAE Navy warship, Al Emarat. Since 2001, India has used IFRs and opened its ports to allied navies to project maritime strength.

The star of Operation Sindoor's naval leg, aircraft carrier INS Vikrant, is all set to be the centre of attraction at the fleet review. The Vikrant carrier battle group, deployed in the northern Arabian Sea, played a key role in the strategy of compellence, thereby forcing the Pakistan Navy to be in a defensive posture.

# Divided by conflict, Meiteis and Kukis unite on a football fieldp

**IMPHAL, Agency:** : In villages across the foothills near western Imphal, young men have spent nearly three years taking turns through the night, standing at the edge of their settlements with sticks and torches after elders decided vigilance was no longer optional. In Kuki villages, night patrols began almost immediately after clashes erupted on May 3, 2023. In Naga-majority ones, they intensified after tensions flared in Litan this week.

Some of these youngsters were brought to Assam Rifles' New Keithelmanbi Garrison earlier this week after finishing guard duty that morning, reports Vishant Agarwala. They are footballers. From Monday to Thursday, 13 teams - eight Naga, three Meitei and two Kuki - from nearby villages gathered at the garrison's uneven, dusty football ground for Assam Rifles' Foothills Football Tournament, organised under Operation Sadbhavana.



Keithelmanbi lies along the seam where the Imphal Valley rises into the surrounding hills, a geography that has hardened into buffer zones and guarded perimeters. The teams were named after nearby villages. But even a distance of 4km can carry more meaning than it suggests.

The Kuki teams - including Haibung FC which reached Thursday's final - crossed the buffer zone for the first time since May 2023 in Assam Rifles buses with guards.Football has often mirrored deeper fractures within societies already under strain. The 1990 clash between Dinamo Zagreb and Red Star Belgrade came to symbolise Yugoslavia unravelling. The so-called "Football War" between El Salvador and Honduras in 1969 entered history as an example of how a match can ignite terrain already primed for conflict. In those instances, football did not invent grievance, it amplified it.In Keithelmanbi, football was asked to restrain. The organisers approached the tournament with caution.

Senior Assam Rifles officers addressed the teams before kick-off and made the terms clear: play in the spirit of the sport; any attempt to injure an opponent would result in an immediate red card; an extremely severe offence would lead to disqualification of the entire team. "Refereeing is always contentious, so we used soldiers from outside the north-east," an officer told Media. Security personnel lined the perimeter. From the commentary area, a Hindi voice narrated play and returned to one appeal whenever tackles grew heavy: "Khel ki sadbhavana banaye rakhein. Referee ke nirnay ka paalan karein." Maintain the game's spirit. Referee's decision is final. The first semifinal at 8am on Wednesday featured two 100% Meitei teams - New Keithelmanbi Team B and KTYWA Keinou. The second carried a heavier backdrop. Khonglong Naga Youth Club faced Haibung FC. Days earlier, violence had flared between Kukis and Nagas about 100km away in Litan in Ukhrul district.